तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 31 अगस्त 2024

11 पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के जीवन पर बनी फिल्म का सिख पंचायत ने किया विरोध



11 पाटन के आडिटोरियम में शिक्षकों को मिला परीक्षा संबंधी प्रशिक्षण








## खबर संक्षेप

### कल्याण कॉलेज में सूत्र सम्मान समारोह आज

**भिलाई ।** साहित्यिक पत्रिका सूत्र द्वारा लोक कवि ठाकुर पूरन सिंह स्मृति सूत्र सम्मान सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को कल्याण महाविद्यालय के सभागार में अयोजित है। सूत्र सम्मान दुर्ग के वरिष्ठ कवि शरद कोकास को दिया जाएगा। पत्रिका के संपादक विजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आलोचक नरेश चंद्राकर बड़ौदा होंग। अध्यक्षता कवि त्रिलोक महावर रायपुर होंगे। विशिष्ट अतिथि कल्याण महाविद्यालय के हिंदी विभाग अध्यक्ष सुधीर शर्मा होंगे। शरद कोकास की कविताओं पर वक्तव्य वरिष्ठ कवि नासिर अहमद सिकंदर, कमलेश्वर साहू और रजत कृष्ण देंगे। ठाकुर पूरन सिंह के कृतित्व पर नंदन साहित्यकार नंदन व आमोद श्रीवास्तव विचार रखेंगे। इस अवसर पर कथाकार ऋषि गजपाल के कहानी संग्रह रफीक मियां के नागौरी जूते का विमोचन भी किया जाएगा।

### बाथरुम के लिए रुके युवक के साथ मारपीट

**भिलाई।** बाथरुम के लिए रुके युवक के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने वाले तीन युवको के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि रिसाली निवासी आलोक तिवारी आरडीएनए ग्लोबल सेल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड समता कालोनी रायपुर में फायनेंस में काम करता है। 27 अगस्त को पीड़ित डयूटी से काम कर घर लौट रहा था। इस दौरान कुम्हारी टोल प्लाजा के आगे इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास बाथरूम करने अपनी बाइक को पीड़ित ने रोका तभी तीन ज्ञात युवक पैदल आए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर फरार हो गए। घटना के समय पीड़ित के जेब से मोबाइल, पर्स गिर गया था। जिसे तलाश करने पर मिल गया। पर्स में पांच हजार रुपए गायब था। घटना में पीड़ित के दाहिने ऑख व नाक के उपर, दांत मे चोट आई है।

### ट्रैक्टर चालक की पिटाई महिला तहसीलदार सस्पेंड

**मोहला।** साइड नहीं देने से नाराज मानपुर तहसीलदार द्वारा ट्रैक्टर चालक की पिटाई किए जाने के मामले में राज्य शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। शासन के राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग ने मानपुर की तहसीलदार सुश्री संध्या नामदेव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दौरे से लौट रही तहसीलदार ने साईड नहीं देने के कारण ट्रैक्टर चालक तरूण मंडावी की पिटाई की थी।




**बैठक : भिलाई निगम की एमआईसी में लिया निर्णय**

# जलकार्य के लिए ठेका श्रमिक रखने 125.25 लाख के प्रस्ताव पर मुहर

**66 एमएलडी फिल्टर प्लांट व पानी टंकियों की सप्लाई प्लेसमेंट कर्मियों के होगा जिम्मे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में नगर निगम भिलाई में एमआईसी की बैठक हुई। जनता के हितार्थ विभिन्न बिन्दुओ पर विचार विमर्श करके निर्णय लिया गया। समिति के समक्ष प्रमुख रूप से जलकार्य विभाग द्वारा श्रम विभाग द्वारा निर्धारित श्रमिक दर के आधार पर कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्राकल्लन विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। जिसमें 15 कुशल, 28 अर्द्धकुशल एवं 39 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु 152.25 लाख का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। चर्चा उपरांत समिति ने प्रशासनिक, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति तथा बजट आबंटन करते हुए सर्व सम्मति से अनुशंसा प्रदान की। जिससें नगर को पेयजल की पूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो सके।



### बेदखल हुए व्यावसायियों को मिलेगा आवंटन

समिति का सुझाव था कि जिन व्यापारियों को वहां से बेदखल किया गया है, उन्ही को ही दुकानें प्रदान किया जाये। नगर निगम भिलाई के जोन 1 द्वारा बेदखली के पूर्व सभी की सूची बना ली गई थी। सभी के फोटोग्राफ एवं वीडियो शूटिंग भी कराया गया है। सभी सदस्यो का मत था कि वेडिंग जोन व्यवस्थित होना चाहिए, सभी सुविधा युक्त होना चाहिए। स्थानीय व्यापार करने वालों के अतिरिक्त जगह बचती हो तो शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो का पालन करते हुए अन्य लोगों को आबंटन किया जावे। सभी सुविधा युक्त मानचित्र बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, आदित्य सिंह, एकांश बंछोर, मन्नान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, चन्द्रशेखर गंवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा सहित आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे आदि उपस्थित थे।

### जुनवानी चौक के पास बनेगा नया वेंडिंग जोन

जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर अंतर्गत शंकरा कालेज के समीप एवं वार्ड क्र. 01 जुनवानी चौक के पास वेंडिंग जोन निर्माण करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसकी समिति ने प्रशंसा की समिति के सदस्यों ने स्थल पर वेंडिंग जोन बनाने से पहले यह चिन्हित करने के लिए कहा कि वहां स्थानीय रूप से जिन विक्रेताओं द्वारा व्यापार किया जा रहा था, उन्हे ही व्यवस्थापित किया जावे। इन स्थानों पर बेदखली की कार्यवाही की गई थी। उन्ही दुकान संचालकों को वेंडिंग जोन बनाकर व्यवस्थापित करने के लिए प्रस्ताव रखा गया था।

**दुर्ग न्यायालय का फैसला**

# नाबालिग से छेड़खानी 10 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ मोहन नगर थाना क्षेत्र की है घटना

नाबालिग से छेड़खानी कर शारीरिक शोषण करने के प्रयास करने वाले आरोपी को न्यायालय ने दस साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। हजार रुपए का अर्थ दंड नहीं पटाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सजा सुनाई है। मिली जानकारी के मुताबिक अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी संगीता नवीन तिवारी की न्यायालय ने आरोपी देवेंद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह को धारा 450 के तहत एक वर्ष सश्रम कारावास, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास, हजार रुपए अर्थ दंड, अर्थ दंड न दे पाने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने बताया कि नाबालिग की उरला थाना मोहन नगर निवासी देवेंद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह से पुरानी जान पहचान थी। 24 मई 2019 की रात आरोपी दीवाल से नाबालिग के घर पहुचा। नाबालग के साथ आरोपी ने पहले अश्लील हरकत किया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। जब नाबालिग को चिखने चिल्लाने पर परिजन जाग गए। आरोपी मौके से फरार हो गया। नाबालिग ने अपने परिवार को घटना की जानकारी दी। पूर्व में भी आरोपी ने उसे बहला फुसलाकर उसके दो-तीन बार शारीरिक संबंध बना चुका है। इसके बाद पुलिस में शिकायत करने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दुर्ग रेंज में 91 मामले दोषमुक्तः आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ दोषमुक्त मामलों की आईजी ने की समीक्षा

न्यायालय से दुर्ग रेंज के 91 मामलों में दोष मुक्त हुए है। जिसे लेकर आईजी राम गोपाल र्ग ने समीक्षा बैठक लिया।

इस दौरान पुलिस अफसर, अभियोजन आदि शामिल हुए थे। बैठक में जमानत निरस्तीकरण के मामलों पर विस्तार से चर्चा भी की गई। जमानत मिलने के बावजूद दोषियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। समीक्षा में पिछले समय में त्रुटिपूर्वक मामलों पर विचार किया गया। उनके सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिन मामलों में न्यायालय द्वारा दोषमुक्ति दी गई है। उन पर अपील करने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और प्रमाणिकता पर गहन विचार-विमर्श हुआ। लोक अभियोजकों को विचारण के दौरान किन महत्वपूर्ण बिंदुओं का ध्यान रखना चाहिए। इस पर विशेष चर्चा की गई। अभियोजकों को उचित प्रमाण, गवाहियों और संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के निर्देश दिए है। बैठक में विवेचना एवं अभियोजन अधिकारियों की त्रुटि के कुल 91 मामलो पर चर्चा की गई है। जिसमे दुर्ग के 74, बालोद 10, बेमेतरा 7 प्रकरण है।समीक्षा में जिन जिन प्रकरणों में विवेचना अधिकारियों की त्रुटि से अपराधी दोषमुक्त हुए हैं। उनके खिलाफ दंडात्मक कारार्वाई करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिन प्रकरणों में अभियोजन अधिकारियों की लापरवाही से दोषमक्ति हुई है। उनमें एसपी को विभाग से समन्वय स्थापित कर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### भिलाई चरोदा निगम सभापति की जमानत याचिका खारिज

**भिलाई।** बजरंग दल के कार्यकर्ता अमित लखवानी के साथ मारपीट कर उसका अपहरण कर थाने में छोड़कर फरार होने के मामले में निगम सभापति की जमानत याचिका खारिज हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सिरसाकला भिलाई तीन निवासी निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर की ओर से अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने जमानत याचिका न्यायालय दुर्ग में पेश किया था। लेकिन न्यायालय ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया। जमानत याचिका प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शेख अशरफ के यहां लगाई गई थी। गौरतलब हो कि 26 अगस्त की शाम भिलाई तीन स्थित होटल में अमिल लखवानी बैठा हुआ था। तभी सभापति कृष्णा चंद्राकर, पार्षद टी रमन्ना , अभिषेक वर्मा, पप्पू ▶▶ शेष पेज 11 पर

### दामाद की हत्या, सास व पत्नी पुलिस गिरफ्त में

**पाटन।** दामाद के हत्या मामले में पुलिस ने सास और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 103, 238, 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम मोखली निवासी टिकेश्वर देशमुख का दो साल पहले अनीता देशमुख से शादी कर किया था। मृतक का आए दिन टिकेश्वर शराब पीकर अपनी पत्नी और सास भारती वर्मा को परेशान करता था। 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी का दिन था। भारती अपनी बेटी नातिन को लेकर बस्ती तरफ गई थी। कृष्ण जन्माष्टमी देखकर अपने नातिन के साथ वापस घर आई तो टिकेश्वर देशमुख ▶▶ शेष पेज 11 पर

**कर्मचारी संगठन लामबंद**

# निगम इंजीनियर से दुर्व्यवहार, रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई निगम के जोन क्रमांक 5 के इंजीनियर दीपक देवांगन के साथ दो लोगों ने गाली-गलौच कर धमकी दी। मामले की शिकायत सेक्टर 6 कोतवाली थाने में की गई है। आरोपी रॉबिन सिंह व भास्कर दुबे के खिलाफ एफआईआर की शिकायत की गई है।इस घटना को लेकर नगर निगम भिलाई के अधिकारियों व कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश है। निगम के सभी इंजीनियर, अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित होकर सेक्टर 6 कोतवाली थाना जाकर एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे।लेकिन दो घंटे इंतजार के बाद भी ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई। बिजली आने के बाद



एफआईआर की गई। कर्मचारियों का कहना है कि कि नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने सीमित संसाधन में सुबह, दोपहर, शाम बारिश हो या रात विषम परिस्थितियो में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। कोई शिकायत है उसका एक तरीका होता है। लिखित में उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सकते हैं।



## खबर संक्षेप




### कुडो संघ के 10 खिलाड़ियों को मिला सम्मान

दुर्ग। 29 अगस्त को हुए छत्तीसगढ़ राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार समारोह में कुडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को सम्मान दिया गया। प्रदेश संघ के अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि कुडो खेल छत्तीसगढ़ शासन की मान्यता मिलने के बाद पहली बार अलंकरण समारोह में शामिल हुए। और खिलाड़ियों को सम्मान मिला। जिनमें सीनियर महिला वर्ग में लीलिमा सोनी कौशल खेल शिखर कांस्य अलंकरण, जूनियर बालिका वर्ग में खिलेश्वरी साहू खेल अंकुर स्वर्ण अलंकरण, तृप्ति साहू खेल गौरव कांस्य अलंकरण, चयसवरि साहू खेल अंकुर अलंकरण, जूनियर बालक वर्ग में मनीष कुमार साहू खेल गौरव कांस्य अलंकरण राशि, पेमेश्वर कौशिक खेल गौरव कांस्य अलंकरण , तुकेश सप्रे खेल अंकुर अलंकरण, गौरव बर्वे खेल गौरव कांस्य अलंकरण, लक्ष्मी नारायण खेल गौरव कांस्य अलंकरण, चैतन्य साहू खेल अंकुर अलाकरण से नवाजा गया।

### रक्तदाता को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, विधायक गजेंद्र यादव, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू, सीएमएचओ डॉ मनोज दानी, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोनगांवकर की मौजूदगी में रक्तदाता को प्रमाण प्रदान किया गया। मौके पर स्वास्थ मंत्री द्वारा जिला चिकित्सालय के कई वार्ड का अवलोकन भी किया गया। इसी कड़ी में ब्लड बैंक की भी जानकारी अधिकारियों से लिए।

### सांसद निधि से निर्माण कार्य की स्वीकृति

दुर्ग। सांसद विजय बघेल की सांसद निधि से विकासखण्ड धमधा में एक निर्माण कार्य के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किये हैं। कलेक्टर ने धमधा ब्लाक के ग्राम मढ़ियापार मेला स्थल में शेड निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु सांसद निधि से 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किये हैं। निर्माण कार्य की नोडल एजेंसी सीईओ जनपद पंचायत धमधा है। सांसद ने निर्माण कार्य के लिए प्रथम किश्त 7 लाख 50 हजार रूपए की राशि निर्माण कार्य की नोडल एजेंसी को प्रदान कर दी है।

### विधायक निधि से 21 लाख 90 हजार रूपए स्वीकृत

दुर्ग। जिले के विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत तीन कार्यों के लिए 39 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत उक्त राशि की स्वीकृति दी है।

# सड़क किनारे खड़ी बस व छोटे वाहनों को ट्रैफिक पुलिस, निगम की टीम ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

मालवीय नगर रोड के किनारे अवैध तरीके से खडे किए गए दर्जनभर से अधिक बस और वाहनों को ट्रैफिक पुलिस और नगरनिगम की टीम ने शुक्रवार को कार्यवाही कर हटवाया है। पिछले लंबे समय से यहां अवैध वाहन खडे किए जाने की शिकायत पर ट्रैफिक और निगम की टीम ने मिलकर कार्यवाही की है।



उल्लेखनीय है कि, मालवीय नगर हाईवे मार्ग पर सडक किनारे आय दिन बसों को खडे कर दिया जाता है। जबकि बस संचालको के पास खुद का डिपो होना जरूरी है। लेकिन इसके बाद भी बस संचालको द्वारा बसों को सडक किनारे खडे कर दिए जाने से यातायात बाधित होता है। जिसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी। शुक्रवार को ट्रैफिक विभाग के जवान और निगम की टीम ने बसों को हटाने कार्यवाही की गई है। इस मामले में आरटीओ विभाग से भी शिकायत किए जाने की जानकारी मिली है। लेकिन उनके द्वारा कार्यवाही नही की गई। बताया जा रहा हैं कि, कलेक्टर से जब मामले की शिकायत की गई तब शुक्रवार को कार्यवाही हुई है।

# डेढ़ दर्जन दुकानों में ग्राहक बनकर पहुंचे अधिकारी और वसूला 20 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

मालवीय नगर रोड के किनारे अवैध तरीके से खडे किए गए दर्जनभर से अधिक बस और वाहनों को ट्रैफिक पुलिस और नगरनिगम की टीम ने शुक्रवार को कार्यवाही कर हटवाया है। पिछले लंबे समय से यहां अवैध वाहन खडे किए जाने की शिकायत पर ट्रैफिक और निगम की टीम ने मिलकर कार्यवाही की है। उल्लेखनीय है कि, मालवीय नगर हाईवे



मार्ग पर सडक किनारे आय दिन बसों को खडे कर दिया जाता है। जबकि बस संचालको के पास खुद का डिपो होना जरूरी है। लेकिन इसके बाद भी बस संचालको द्वारा बसों को सडक किनारे खडे कर दिए जाने से यातायात बाधित होता है। जिसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी। शुक्रवार को ट्रैफिक विभाग के जवान और निगम की टीम ने बसों को हटाने कार्यवाही की गई है। इस मामले में आरटीओ विभाग से भी शिकायत किए जाने की जानकारी मिली है। लेकिन उनके द्वारा कार्यवाही नही की गई। बताया जा रहा हैं कि, कलेक्टर से जब मामले की शिकायत की गई तब शुक्रवार को कार्यवाही हुई है।

## सामान्य सभा: चार घंटे चले बैठक सदस्यों ने किया जमकर हंगामा

# बैठक में चाय-नाश्ता करने नहीं आते, तैयारी कर पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिला पंचायत में शुक्रवार को सामान्य सभा की बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर कृषि विभाग द्वारा जानकारी नही दिए जाने पर बिफर गए। उन्होने कृषि सहित अन्य विभाग को सचेत करते हुए कहा कि हम यहां चाय-नाश्ता करने नही आते है। हमारा समय बहुत कीमती है। ऐसे में आप पूरी तैयारी से बैठक में पहुंचे। उन्होने सामान्य सभा की बैठक को हल्के में लिए जाने की बात कही। इसके आलावा बैठक में विभाग प्रमुख के गायब रहने और फोन नही उठाते के मामले में सदन गरम रहा।

बैठक में पहले पालन प्रतिवेदन पढा गया। दोपहर एक से चार बजे तक चले इस बैठक में खनिज विभाग, वन विभाग और शिक्षा विभाग को सदस्यों ने जमकर घेराव किया। कृषि विभाग के अधिकारी को विधायक ललित चंद्राकर ने पूछा कि कितने जगह खाद दुकानों में कार्यवाही की गई है, जिस पर उत्तर नही मिलने पर वे भडक गए और तैयारी से आने की नसीहत दी। सदस्य चंद्रकला मनहरे ने बीज निगम में मशीन वितरण पर सिर्फ एक ही व्यक्ति को लाभ देने का आरोप लगाया। बैठक में ऐसे कितने लोग हैं जिन्हें ट्रैक्टर दिया गया है, कि जानकारी मांगी गई। जिस पर जवाब नही मिला। इसके आलावा शिक्षको के रिक्त पदों को मुद्दा गर्माया रहा। खनिज विभाग के अधिकारी दीपक मिश्रा का सदस्यों ने घेराव कर दिया। सदस्य लक्ष्मी साहू ने कहा कि, फोन करने के बाद भी अवैध खनन की सुनवाइ नही होती है। उन्होने बताया कि अंजोरा, बोरई, नगपुरा में अवैध मुरूम खनन होने की जानकारी दी गई।

**जिला पंचायत के सदस्यों ने संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जताई नाराजगी**



### वन विभाग ने नहीं कराया पौधरोपण

जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने कहा मिनिमाता चौक से अंडा और दुर्ग बायपास तक सडक चौडीकरण में पेडों की कटाई के बाद पौधरोपण नही किए जाने का मामला उठाया। यहां लगने वाले पेडों को तालपुरी जो हाउसिंग बोर्ड का इलाका है। वहां पौधरोपण किए जाने का मामला गर्माया रहा। यही नहीं चौडीकरण में पेडों की कटाई के बाद इसे बेचने को लेकर भी सवाल उठाया गया। धमधा से नंदई रोड में भी पेडों की कटाई की गई। विभाग का कहना था कि, यहां उनके द्वारा पेडों की कटाई नही की गई। जिसकी जानकारी जिला पंचायत को दी गई, लेकिन अफसर जानकारी नही दिखा पाए। विधायक चंद्राकर ने कहा पौधरोपण के नाम पर पैसों की बर्बादी नही की जानी चाहिए।

### पीडब्ल्यूडी ने कहा फंड नहीं

बैठक में सदस्यों ने सडक मरम्मत का मामला उठाया। जिस पर एसडीओ अभिषेक मेश्राम का कहना था कि, राज्य शासन से मरम्मत के लिए फंड नही मिला है। उन्होने बताया जहां जहां सडक जर्जर है। वहां बाढ आपदा फंड से खर्च किया जा रहा है। इस दौरान सदस्यों ने नगपुरा से रसमडा और पुलगांव नाले की सडक को लेकर जमकर हंगमा किया। सदस्य लक्ष्मी साहू का कहना था कि, नगपुरा से रसमडा के चार किमी की सडक चलने लायक नही है। जिस पर एसडीओ ने कहा कि दस दिन के अंदर सुधार कराएंगे।

### विभाग प्रमुख गायब, कलेक्टर को बुलाने अड़े

सामान्य सभा की बैठक में सदस्य विभाग प्रमुख के बजाय छोटे अधिकारी को भेजने पर नाराज दिखे। इसके बाद भी संतोषजनक जवाब नही दिए जाने की बात कही गई। जिस पर नाराज सदस्य और विधायक ने कलेक्टर को भी अगली बैठक में बुलाने का प्रस्ताव तैयार करने कह दिया। इस तरह बैठक में शिक्षा विभाग, खनिज, वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई विभाग को लेकर चर्चा की गई।

# चेक बाउंस मामले में तीन को मुचलके पर जमानत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

■ मामला चेक बाउंस का

छग जनता कांग्रेस जे के प्रचार प्रसार के लिए विज्ञापन एंजेसी के प्रोपराइटर द्वारा दस लाख के सौदे मामले में चेक बाउंस हो गया था। जिसे लेकर पीडित पक्ष ने सेंशन कोर्ट में परिवाद लगाया था। इस मामले में पार्टी प्रमुख अमीत जोगी पिता स्व अजीत जोगी, पंकज शर्मा कोषाध्यक्ष व योगेश तिवारी पूर्व महासचिव को पांच हजार के मुचलके पर जमानत दी गई।

जानकारी अनुसार एक्जीओम इनकार्पोरेशन नामक कंपनी के प्रोपराईटर को छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रचार प्रकाशित (एडवंटाईनमेंट) का काम होने के बाद अभियुक्तगण ने अपने बैंक खाता क्रमांक-36724322000 भारतीय स्टेट बैंक 12 अक्टूबर 2020 का चैक परिवादी को प्रदान किया गया था। जब परिवादी ने उसी दिन 10 लाख रूपए का चेक अपने बैंक भिलाई पावर हाऊस के समक्ष भुगतान प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया तो अभियुक्तगण द्वारा प्रदत्त चेक क्रमांक ₹618488₹ बैंक मेमो 14/10/2020 की में वर्णित टीप 'राधि अपर्याप्त₹ की वजह से अमादरित हो गया। इसकी सूचना अभियुक्तगण को दी गई। जिस पर उन्होने पन्द्रह दिन का समय मांगा। लेकिन इसके बाद भी राशि न देकर देख लेना कह दिया गया। जिस पर परिवादी ने 11 नवंबर 2020 को अपने अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्तगण को नोटिस प्रेषित करवाया था। सेंशन कोर्ट ने इस मामले में अभियुक्तगण को पांच हजार के मुचलके पर जमानत दी है, वही अगली सुनवाई की तारीख दी है।

## आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन के चयन हेतु 13 सितम्बर तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहायता के दृष्टिकोण से प्रत्येक कलस्टर में आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन के चयन हेतु जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय में 13 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। कार्यालय जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट पंजीकृत डाक के माध्यम से 13 सितम्बर तक प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही होगा।

## आहरण एवं संवितरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

■ ईआरएम, ईडब्ल्यूआर के संबंध में दी जानकारी

पुरानी पेंशन योजना लागू होने पर मृत्यु, आशक्ता के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जिला कोषालय द्वारा लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में जिले के समस्त विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला कोषालय के अधिकारियों द्वारा विभागों में लंबित ईडब्ल्यूआर के प्रकरणों में शासकीय सेवकों द्वारा ओपीएस का विकल्प चयन करने के उपरान्त पेंशन भुगतान हेतु वित्त निर्देश 10-2023 अनुसार कार्यवाही करने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में ईआरएम की आवश्यकता क्यों है, ईआरएम की प्रक्रिया और ईआरएम के संबंधित आवेदनों की कार्यवाही, ईडब्ल्यूआर की आवश्यकता, चालान सत्यापन हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया। पेंशन से संबंधित अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यशाला में जिला कोषालाय अधिकारी राघवेन्द्र सहित समस्त विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित थे।

## होटल, क्लब, बार संचालकों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

दुर्ग। जिले के समस्त एफ.एल. */होटल/क्लब बार संचालकों की बैठक सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय में आहुत की गई। बैठक में शासन के निर्देशों के परिपालन में बार संचालकों को 1 सितम्बर 2024 से विदेशी मदिरा की नवीन प्रदाय व्यवस्था के तहत बार गोदाम में उपलब्ध होने वाले स्प्रिट व माल्ट मदिरा के प्रचलित ब्रांड/लेबल के लगभग 372 ब्रांड की जानकारी उपलब्ध करवायी गयी है। साथ ही उक्त प्रचलित ब्रांड/लेबल के बार संचालकों को ग्राहकों की मांग अनुसार अधिक से अधिक उठाव करने के निर्देश दिए गए ताकि शासकीय राजस्व में वृद्धि हो सके। साथ ही बार संचालकों को निर्धारित पंजियों को अद्यतन रखने शासन द्वारा निर्धारित समय पर बार को बंद किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल द्वारा बार संचालकों को दिया गया।

## नंदवाय में एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

दुर्ग। पेड़ मां के नाम अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदवाय में वृक्षा रोपण किया गया। गांव में मिनी स्टेडियम, ग्राम पंचायत भवन, शाला भवन, गौठान, सड़क किनारे भरकाहन रोड आदि में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं ग्रामवासियों व शाला के शिक्षक, शिक्षिकाओं व बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया गया। सरपंच जितेन्द्र कुमार वर्मा, सचिव बिसहत चंदेल एवं पंच नंदवाय कमलेश बंजारे उपसरपंच, प्रकाश वर्मा रोजगार सहायक तकनीकी सहायक एवं शाला के प्रधान पाठिका अनुसुईया धार्मिक, दुर्गा प्रसाद साहू शिक्षक एवं ग्रामवासी केवलराम बंजारे, रमेश धनकर, नंदकुमार विश्वकर्मा, घनश्याम वर्मा, पारस वर्मा, शाला नंदवाय के सभी बच्चों की मौजूद रहे। जिसमें स्टेडियम में 100 पौधा, पंचायत भवन में 50 पौधा शाला में 40 पौधा, सड़क किनारें 300 पौधा, अमृत सरोवर तालाब में 50 पेड़ फलदार एवं छायादार पौधा का रोपण किया गया।

# आयुक्त ने किया एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

■ गीले कचरे का पथक्कीकरण के बाद बनाया जाता है खाद

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर में विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बटालियन के पास जीरो वेस्ट सेंटर में साफ सफाई एवं डोर टू डोर कलेक्शन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अमले के साथ पीआई यू कुणाल मौजूद थे। एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथकीकरण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है। इसी तरह गीले कचरों का पृथकीकरण के बाद एसएलआरएम सेंटर में सोनहा खाद



बनाया जा रहा है। इसे खाद के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

गौरतलब है कि निगम प्रशासन द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर में संपूर्ण निगम क्षेत्र से भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग किया जाता है। गीले कचरों को पृथक करने के बाद जैविक खाद बनाया जाता है, इसी प्रकार लोहा, टीना, प्लास्टिक, कांच,लकड़ी, व कपड़े के सूखे कचरे का पृथक किए जाने के बाद रिसायकल की प्रक्रिया के लिए भेजा जा रहा है। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर में महिलाएं कचरा छांटने का कार्य कर रही थी। आयुक्त ने सार्वजनिक स्थलों वार्ड की साफ-सफाई की व्यवस्था देखी और लोगो से फीडबैक भी लिया।

## शनिवार को संभाग बैठक में शामिल होंगे सभी मंडलों के सदस्या

# संभाग स्तरीय बैठक में भाजपा बनाएगी आज रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

■ 13 मंडलों में सदस्यता प्रभारी बनाकर दी जिम्मेदारी

भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान को मंडलों में सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल के अनुमोदन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की स्वीकृति से दुर्ग जिले के सभी 13 मंडलों में सदस्यता प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी दी गई।

सदस्यता अभियान के दुर्ग जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने बताया कि, जिले के वरिष्ठ नेता मंडल सदस्यता प्रभारी के रूप में अपने-अपने प्रभार मंडल में सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाए जाने हेतु मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं मंडल सदस्यता टोली का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ समुचित दिशा निर्देश भी प्रदान करेंगे। साथ ही मंडल से समन्वय कर सदस्यता अभियान हेतु शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर स्वयं की एवं मंडल में निवासरत वरिष्ठ नेताओं के प्रवास की कार्ययोजना बनाएंगे। मंडल सदस्यता प्रभारी के रूप में गंजपारा सदर में चतुर्भुज राठी, चंडी शीतला में डॉ. मानसी गुलाटी, सिकोलाभाटा पटरीपार में रजा खोखर, कसारीडीह बोरसी में अजय तिवारी, अंजोरा में प्रितपाल बेलचंदन, उतई में रोहित साहू, उत्तर पाटन में राजेश चंद्राकर, मध्य पाटन में संतोष सोनी, दक्षिण पाटन में हर्षा चंद्राकर, जेवरा सिरसा में कांतिलाल बोथरा, अहिवारा में रविशंकर सिंह, धमधा में अरविंदर सिंह खुराना बोरी लिटिया में जितेंद्र साहू को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार सदस्यता अभियान को जमीनी स्तर पर गति प्रदान करने के लिए हर मंडल में चार सदस्यीय टोली का गठन किया गया है।




### आज बैठक में शामिल होंगे पदाधिकारी

राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने बताया कि शनिवार को भिलाई जिला भाजपा कार्यालय में सदस्यता को लेकर दोपहर 12 बजे संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई है, जिसमें दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मानपुर-मोहला जिले से सदस्यता अभियान जिला संयोजक, मंडल सदस्यता प्रभारी एवं मंडल सदस्यता संयोजक अपेक्षित हैं। इसे संभागीय बैठक में सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री भारत वर्मा वं सदस्य नवीन मार्कंडेय द्वारा मंडल सदस्यता प्रभारी एवं मंडल सदस्यता संयोजकों को आवश्यक मार्गदर्शन और जानकारियां प्रदान की जाएगी।

### तेरह मंडलों का किया गया विभाजन

जिला सदस्यता अभियान टोली के सदस्य रविशंकर सिंह, रोहित साहू, और डॉ. मानसी गुलाटी के बीच जिले के 13 मंडलों का कार्य विभाजन किया गया। सदस्य रविशंकर सिंह द्वारा अहिवारा, धमधा, बोरी लिटिया और जेवरा सिरसा में जानकारियों और सूचनाओं का आदान-प्रदान होगा तथा जिला सदस्य रोहित साहू, उतई, अंजोरा, मध्य पाटन, उत्तर पाटन, दक्षिण पाटन में जानकारियों और सूचनाओं को प्रसारित करेंगे तथा सदस्य डॉ. मानसी गुलाटी द्वारा चंडी शीतला, गंजपारा सदर, सिकोला पटरीपार और कसारीडीह बोरसी मंडल में जानकारियों और सूचनाओं को प्रसारित किया जाएगा।

## पाहंदा में बीज उत्पादन पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

दुर्ग। ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मैनेज हैदराबाद द्वारा प्रायोजित डॉ एसएस टूटेजा, निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशन में व डॉ दिप्ती झा, नोडल अधिकारी के मार्ग दर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ द्वारा विकासखण्ड पाटन के ग्राम सोनपुर में बीज उत्पादन पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ विजय जैन ने बताया कि ग्रामीण युवाओं को उद्यमी एवं व्यवसायिक कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार देने वाले उद्यमी के रूप में तैयार करना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। किसान फसल उत्पादन तो करते ही हैं पर उसी कार्य को थोड़ा तकनीकी रूप से परिष्कृत कर ले तो उत्पादित फसल को बीज के रूप में बेच कर व्यवसायिक आय और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ ईश्वरी कुमार साहू ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बीज उत्पादन की बारीकियों में हृष्टपुष्ट बीज कैसे पैदा होगा इसके लिये उन्नत कृषि तकनीकों के प्रशिक्षण के लिये इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर से डॉ अभिनव साव, डॉ नीतिश तिवारी, बीज प्रक्रिया केन्द्र के प्रभारी एसके बेहरा, श्रीमती रामेश्वरी नेताम आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### विस अध्यक्ष से वैद्यराज ने की मुलाकात

**भिलाई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से वैद्यराज वाई अप्पल नायडु ने मुलाकात किया। इस दौरान श्री नायडु ने वैद्य घरेलू उपचार पुस्तक की जानकारी भी दी। अप्पल नायडु के इस पुस्तक में घरेलू उपचार को लेकर विस्तार से बताया गया है। जिसमें नाडी से जुड़ी जानकारी भी दी गई है।

## पेज 9 के शेष

### दुर्ग रेंज में ...

अग्रिम कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बैठक में जिला दुर्ग से उपसंचालक लोक अभियोजक अनुरेखा सिंह , जिला बेमेतरा से उपसंचालक लोक अभियोजक कंचन पाटिल , बालोद से जिला अभियोजन अधिकारी अजय कुमार बैसवाड़े मौजूद थे।

### भिलाई चरोदा निगम...

चंद्राकर, नजरुल इस्लाम, अशफाक अहमद समेत अन्य लोग स्कार्पियों वाहन से पहुंचे थे। अमित के साथ गाली गलौज कर उसे मारपीट कर वाहन में बिठाकर अपने साथ थाने लेकर गए।

### दामाद की हत्या...

ने आग की लूठी को पकड़कर अपनी सास भारती को मारने का प्रयास करने लगा। इससे परेशान सास ने अपने दमाद टिकेश्वर देशमुख को गैंती की धार से नाक के पास चेहरा में कई बार वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना में उसकी मौत हो गई। टिकेश्वर को मारते हुए भारती की बेटी ने देख लिया था। भारती ने घटना को लेकर किसी को भी नहीं बताया। पुलिस ने आरोपीया भारती वर्मा .अनीता देशमुख को हत्या कर साक्ष्य छुपानें के आरोप में पकड़ लिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक की पत्नी व सास को पकड़कर पूछताछ किया। उसके बाद हत्या के मामले का खुलासा हो पाया। रानीतराई पुलिस हत्याकांड में जांच कर रही है।

## निधन

### श्यामापद चक्रवर्ती



**भिलाई।** बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मचारी, प्रगति नगर रिसाली निवासी श्यामापद चक्रवर्ती उम्र 95 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी के तट पर किया गया। वे अपने पीछे चार पुत्रियों सहित पुत्र डॉ. सचित्र चक्रवर्ती के पिता थे।

### बसुंतला बाई साहू



**अंडा।** ग्राम चंदखुरी निवासी बसुंतला बाई साहू उम्र 74 वर्ष का निधन 30 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेन्द्र, रोमनाथ, भूपेंद्र और जितेन्द्र साहू की मां थीं।

### कन्हैया प्रसाद गुप्ता

**भिलाई।** ब्लॉक 73, प्लॉट 1, स्ट्रीट 11 निवासी कन्हैया प्रसाद गुप्ता का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रेखा गुप्ता के पति और धीरज व रुचि के पिता थे।

# जलसंसाधन विभाग ने नहीं की नहरों की सफाई, खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

**खपरी डैम से बड़ी संख्या में गांवों के खेतों की सिंचाई होती है, सिंचाई विभाग से ग्रामीणों में नाराजगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए भले ही डैम एवं नहरों का निर्माण हो चुका हो, लेकिन जलसंसाधन विभाग द्वारा नहरों की सफाई नहीं कराने के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में अब खेतों को सिंचित करने के लिए खुद किसान ही नहरों की सफाई करने के लिए मजबूर हैं। सफाई के अभाव में करीब आधा दर्जन गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के खपरी डैम से बडी संख्या में गांवों के खेतों की सिंचाई होती है। एक बड़ा भू-भाग व दर्जनों गांव इसी नहर पर निर्भर है। अभी पानी की ज्यादा आवश्यकता क्योंकि एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है इस क्षेत्र में पानी नहीं गिरा है जिसके चलते यह समस्या आ रही है। नहर चलने के चलते ही किसान अपने खेतों में बोवनी कर पाते हैं व अच्छी फसल की पैदावार होती है, लेकिन इस वर्ष अभी तक आधी से अधिक नहर की जलसंसाधन विभाग द्वारा साफ-सफाई नहीं करवाई गई है। जिसके चलते नहरों में मौजूद घास सहित अन्य कचरे के कारण नहर से पानी निकलना संभव नहीं है। ऐसे में आधा दर्जन गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उधर पानी नहीं पहुंचने के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। इसी से परेशान होकर ग्रामीणों ने अब खुद ही नहरों की साफ-सफाई करना शुरू कर दी है। किसानों का कहना है कि विभाग ने न तो सुध ली है और न ही उन्हें इस बात की चिंता है कि वह नहरों की सफाई करा सकें। ऐसे में फसल का उत्पादन प्रभावित हो रहा था। इसी के चलते अब नहरों की सफाई हमें खुद को करना पड़ रहा है। हर साल नहरों को लेकर यही स्थिति रहती है। किसानों ने बताया कि जो नहरें फूट गई है उन्हें भी विभाग द्वारा दुरुस्त नहीं कराया जा सका है। जिसके कारण नहर का जो पानी है इसके कारण एक तो पानी की बर्बादी हो रही है और दूसरे पानी का खेतों में उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर कई बार विभाग को अवगत करा दिया गया, लेकिन विभाग ने अभी तक इस ओर ध्यान तक नहीं दिया है। ऐसे में ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीण नहरें दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं।

### खम्हारिया, कुरूदडीह में सम्मान समारोह आयोजित

# रानी अवंती बाई ने लोधी समाज के गौरव व देश के लिए बलिदान दिया: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

**लोधी समाज ने रानी अवंती बाई की छाया चित्र और शाल श्रीफल भेंटकर सांसद का किया सम्मान**





पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुर्ग लोकसभा के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल का सम्मान समारोह अयोजन किया गया। ग्राम पंचायत खम्हारिया, कुरूदडीह में हुए इस कार्यक्रम में मंगल भवन का लोकार्पण सांसद बघेल के हाथों संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रानी अवंती बाई के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरआत हुई। तत्पश्चात मंगल भवन लोकार्पण किया गया। ग्राम के स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया जहां नन्हे मुन्ने बच्चों ने भव्य प्रस्तुति दी। तत्पश्चात नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल का सम्मान लोधी समाज के द्वारा रानी अवंती बाई के छाया चित्र और शाल श्रीफल भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य एवं लोधी समाज के प्रदेश महामंत्री डॉ. घनश्याम कौशिक ने किया। विशेष अतिथि राम बाई गजानंद सिन्हा जनपद अध्यक्ष पाटन, मोनू साहू साहू जिला पंचायत सभापति दुर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, धर्मेंद्र कौशिक पूर्व सरपंच झीट एवं अध्यक्ष लोधी समाज पाटन क्षेत्र रहे। सांसद बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत खम्हारिया के लोगों ने मुझे अपना आशीर्वाद देकर सांसद बनाया है। लोधी समाज के लोगों का भी बड़ा योगदान है। बेमेतरा साजा के तरफ बड़ी संख्या में लोधी समाज के लोग निवास निवासरत हैं। जिसका भरपूर सहयोग मुझे मिला है। आप सब के द्वारा किया गया विकास कार्य की मांग को निश्चित रूप से धीरे-धीरे पूरा करने का प्रयास करूंगा। आप लोगों के द्वारा किया गया स्वागत और सम्मान हमेशा याद रखूंगा। अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी समाज के गौरव है जिसने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। कार्यक्रम समापान बाद बघेल ने लोधी समाज के भवन प्रांगण में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर शैल बाई बंजारे सरपंच, उपसरपंच, सचिव एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत खम्हारिया, प्रकाश सिंगौर अध्यक्ष, सुरेश सिंगौर उपाध्यक्ष, राजेश सिंगौर सचिव, टेमन सिंगौर कोषाध्यक्ष, टीकम सिंगौर कोषाध्यक्ष पाटन राज लोधी समाज, शिव सिंगौर उपाध्यक्ष पाटन राज लोधी समाज, द्वारिका कौशिक कुरहा पाटन राज लोधी समाज, द्वारिका कौशिक सचिव लोधी समाज पाटन, कमलेश सिंगौर सदस्य छत्तीसगढ़ लोधी समाज, राजा राम सिंगौर मोतीपुर, राम निहुर खम्हारिया, भीषम सिंगौर रूही, प्रकाश कौशिक स्थानीय अध्यक्ष, दौवा सिंगौर रुही, प्रदीप लोधी, पंचायत प्रतिनिधियों के नामरामप्रसाद साहू पंच, दुष्यंत ठाकुर, ममता सिंगौर, दशमत सोनवानी सचिव, मीनाक्षी कामदे रोजगार सहायिका, पुष्पेंद्र यदु, शिव शंकर चौहान कोटवार, नरसिंह चंद्राकर पूर्व सचिव, युवा मोर्चा भाजयुमो, ओंकार कौशिक, कुणाल वर्मा, यमन कुमार मधरिया, रूपेश कौशिक, कृष्णकांत कौशिक, मुकेश सिंगौर,खिलेश्वर कौशिक ,मोहन साहू, राजू साह,कैलाश यादव,फेरहा राम धीवर ,अशोक निषाद,खिलावन वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश कौशिक सेवानिवृत्ति शिक्षक झीट व आभार प्रदर्शन प्रकाश सिंगौर सथनीय अध्यक्ष लोधी समाज ने किया।



# पाटन के आडिटोरियम में शिक्षकों को मिला परीक्षा संबंधी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन के आडिटोरियम में जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवी में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भरने व अन्य विषयों पर पाटन ब्लाक के सभी विद्यालयों में कक्षा पांचवी पढाने वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ। दुर्ग जिले के अंतर्गत संचालित बोरई जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संजय ने उपस्थित शिक्षकों का मार्गदर्शन किया व शिक्षकों द्वारा पुछे गये सवालो का जवाब भी दिया गया । उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को फार्म भरवाये अच्छे बच्चों का चयन तो होता ही है लेकिन कुछ ऐसे बच्चे भी होते है जो परीक्षा में अच्छा कर जाते है इसलिए सभी बच्चों का फार्म भरवाये और नवोदय विद्यालय की परीक्षा में बैठने प्रेरित करे ।आवेदन पत्र आनलाइन भरने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर 2024 है और परीक्षा की तिथि 18 जनवरी 2025 है। बोरई विद्यालय के शिक्षक जगत चंपिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के अच्छे बच्चों को थोड़े से शिक्षक मेहनत करते रहे तो उनका चयन हो जाता है और उसके पुरे परिवार का जीवन ही एक व्यक्ति के कार्य से सुधर जाता है इसलिए हम शिक्षक को बच्चों के बेहत्तर करने का कार्य करते रहना चाहिए शिक्षक कमल देवाँगन ने विस्तार से फार्म भरने से लेकर बोरई विद्यालय के सम्बन्ध में बताते हुए कहा कि उम्मीदवार जो जिले के वास्तविक निवासी हैं और उसी जिले में सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा पांचवीं में पढ़ रहे हैं जहां जेएनवी कार्यरत है और जिसमें वे प्रवेश चाहते हैं। एक जिले में कम से कम 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्रों के उम्मीदवारों द्वारा भरी जाएंगी।सरकारी मानदंडों के अनुसार एससी, एसटी, ओबीसी और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षण । न्यूनतम 1/3 सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित हैं।

■ नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संजय ने पाटन ब्लाक के शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के द्वारा आधुनिक भारत में योगदान हेतु मजबूत नींव तैयार करने शिक्षा के क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के तहत मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा देश सभी जिलों में निः शुल्क आवासीय विद्यालय खोले गए। जिसमें कक्षा छठवीं में चयन हेतु तीन क्षेत्र मानसिक योग्यता, गणित व हिन्दी की जानकारी, परीक्षा पैटर्न,ओएमआर सीट से परीक्षा, परीक्षा तिथि 18 जनवरी 2025 साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई में दिए जाने वाले उत्कृष्ट शिक्षा एवं अन्य जानकारी साझा किए गए। इस अवसर पर बोरई विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार, शिक्षक जगत चंपिया, परस राम देवाँगन, बीआरसी खिलावन चोपडिया, कमल देवांगन आदि उपस्थित थे।

# पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के जीवन पर बनी फिल्म का सिख पंचायत ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ सिख पंचायत का प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा, ज्ञापन सौंपकर प्रतिबंध लगाने की मांग

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर आधारित फिल्म का हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया है। फिल्म में अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने अभिनय किया है। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत ने ट्रेलर में दिखाए गए इमरजेंसी के दृश्यों को लेकर आपत्ति की है। उन्होंने कहा कि फिल्म पर प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही कंगना रनौत पर कार्रवाई की जाएगी।

जसबीर सिंह चहल ने बताया कि ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है। कंगना रनौत की ओर से लिखित, निर्देशित और निर्मित यह फिल्म सिख समुदाय के प्रति नफरत को बढ़ावा दे रही है। एक बस पर सिखों द्वारा अंधाधुंध फाइरिंग करते हुए दिखाया गया है जो कि गलत है। फिल्म के ट्रेलर में गलत ऐतहासिक तथ्यों को दर्शाया गया है, जिससे स्पष्ट हो रहा है कि फिल्म सिख समुदाय के प्रति नफरत को बढ़ावा देगी। माहौल खराब होने का खतरा है। किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो, इसे गंभीरता से लेते हुए फिल्म पर प्रतिबंध लगाया गया। सिख पंचायत एवं सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रमुख कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग के ज्ञापन सौंपा। गुरुनाम सिंह, अरविंदर सिंह खुराना ने कहा कि 1975 की इमरजेंसी में अगर सबसे बड़ा नुकसान अगर हुआ तो सिखों को हुआ था। फिल्म में कुछ सीन विरोधाभास एवं सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले हैं। उच्च अधिकारियों द्वारा जांच करके तत्काल हटाया जाना चाहिए। इस अवसर पर पलविंदर सिंह रंधावा, गुरमीत सिंह गांधी, जसवीर सिंह सैनी, बीबी कुलवंत कौर, बलदेव सिंह, सतवंत सिंह रंधावा, हरपाल सिंह हैप्पी, हरभजन सिंह चहल, हरपाल सिंह, कुलदीप सिंह, तरसेम सिंह ढिल्लो, सुखबीर सिंह ब्रोका, त्रिलोचन सिंह सिद्धू सहित अन्य मौजूद थे।

# उतई नगर साहू समाज का तीज मिलन कल

**भिलाई।** उतई नगर साहू समाज एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन 1 सितंबर को सुबह 10 बजे से माँ कर्मा सामुदायिक भवन शीतला नगर उतई में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू होंगे। अध्यक्षता सुनीती साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नगर साहू समाज उतई करेंगी। तुलसी साहू अधिवक्ता, सलाहकार जिला भिलाई साहू संघ, रागिनी साहू सलाहकार दुर्ग जिला साहु संघ, दिव्या कलिहारी वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष जिला साहु संघ दुर्ग, मंजू साहू जिला साहू संघ उपाध्यक्ष दुर्ग, लक्ष्मी साहू सभापति जिन्ना पंचावत दुर्ग, तरुणा साहू इंस्पेटकर रेलवे पुलिस, वन्दना साहू विशेष अतिथि होगी। यह जानकारी नगर साहू समाज के अध्यक्ष किशोर साहू ने दी।

### दीपिका व सुजल ने दौड़ व लंबी कूद में मारी बाजी





**निकुम।** जिला स्तरीय खेलकूद धमधा में आयोजित हुआ, जिसमें अंडर 14 में लंबी कूद में स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी मिडियम स्कूल निकुम के कक्षा 9 वीं के छात्र सुजल चन्द्राकर ने दूसरा स्थान और अंडर 14 में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जीडी नगर निकुम 8 वीं की छात्रा दीपिका यादव 600 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान में आकर विघालय को गौरवान्वित किया। जिसमें प्राचार्य एके पांडे, पीटीआई शिक्षक महेश्वर साहू, शिक्षिका खुशबु मिश्रा, प्रधानपाठक पीएल चन्द्राकर, टोमन इसदा, ढेलूराम देवांगन, नारद साहू सहित ग्राम सरंपच मुक्ति सुधाकर व स्टाफ ने बधाई दिया।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सागर जुगनानी उम्र 27 वर्ष आ० श्री गुरमुख जुगनानी निवासी म.नं. 153. दीपक नगर दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का मौजा पोटियाकला, प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. कसारीडीह पोटिया चौक से मिनीमाता जाने वाले मुख्य मार्ग पर खसरा नं. 7/17 का भाग रकबा 40 x 165 = 6600 वर्गफीट भूमि स्थित है, जिसकी सीमा उत्तर में भूपेंद्र शर्मा की जमीन, दक्षिण में पोटिया से पुलगांव मिनीमाता चौक जाने वाला मार्ग, पूर्व में विक्रेता की बचत भूमि एवम पश्चिम में अनिल पांडे की भूमि है जिसको विक्रेता से खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है एवं अग्रिम राशि अदा कर इकरारनामा भी निष्पादित कराया है, यदि किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, समिति या अन्य उक्त भूमि के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो दस्तावेजों प्रमाणित सहित मेरे कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर सम्पर्क करें अन्यथा बाद में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी तथा हमारे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी। हमारे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा-पंजीयन की कार्यवाही करा ली जावेगी।

सो सूचना जाने।

दुर्ग, दिनांक: 29/08/2024

गोपाल शर्मा
अधिवक्ता
निवास-साइन्स कॉलेज रोड,
दीपक नगर-दुर्ग (छ.ग.) 491001
मो.नं. 6264965359

---

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

### ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6-अ 2023-2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लीलावती शाह आ./घ.प. महेन्द्र शाह साकिन वैशाली नगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 तहसील व जिला दुर्ग में उसके नाम पर भूमि ख.नं. 9181 रकबा 0.020 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया था, जिसका नामान्तरण पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त हो गया था, परन्तु वर्तमान अभिलेख में ऑनलाईन में भगवान दास आ. लाल चरण दास को सुधार किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय दुर्ग के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है । जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उपरोक्त भूमि को लीलावती शाह घ.प. महेन्द्र शाह सुधार किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.09.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

---

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में
मामला क्रमांकः 202408104500052/
मामले की श्रेणी :- राजस्व
विषयः- अ-6 सनः- 2023-2024
करसा ( प ह न. 00012),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- शेषनारायण शर्मा, अरूणा शर्मा, रत्ना तिवारी,
अनावेदक पक्षकार – सुधांशु शर्मा, हिमांशु शर्मा,

### // ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम करसा प.ह.नं. 12 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शेषनारायण पिता स्व. अंबिका प्रसाद शर्मा अन्य 02 निवासी ग्राम जुनवानी रोड कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम करसा प.ह.नं. 12 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित हिमांशु शर्मा एवं सुधांशु शर्मा दोनो पिता मोहित शर्मा के नाम दर्ज संयुक्त खाते की भूमि ख.नं. 1138, 1139, 1142/2, 1145 रकबा 0.07, 0.16, 0.21, 1.00 हे. में खातेदार हिमाशु एवं सुधांशु का दिनांक 07.06.2024 को फौत होने से मृतक खातेदारों का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण से अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जानेप्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय मे विचारधीन है। अतः आवेदक शेषनारायण पिता स्व. अंबिका प्रसाद शर्मा अन्य 02 द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोकतानुसार नामांतरण की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 09.09.2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

चन्द्रशेखर कंवर
अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील पाटन

### निःशुल्क शिविर से ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा

# दैनिक जीवन में नियमित व्यायाम और पर्याप्त आराम जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



पाटन जनपद सदस्य खिलेश बबलू मारकंडे ने वृद्ध जन जागरुकता शिविर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि निःशुल्क शिविर से ग्राम सेलूद के सैकड़ों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। अपने दैनिक जीवन में नियमित व्यायाम, संतुलित पोषण और पर्याप्त आराम हम सबको शामिल करने से अच्छे स्वास्थ्य में योगदान मिलता है। जब आवश्यक हो, तब संतुलन बनाए रखने के लिए चिकित्सा उपचार प्राप्त करना चाहिए। शारीरिक तंदुरुस्ती में बीमारी के जोखिम को कम करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम शुरुआत करते हुए सभी उपस्थित अतिथियों को आयुर्वेदीय पौधे भेंटकर किया गया। संचालक आयुष विभाग रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय, सेलूद में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया है।जिसमें कठिन एवं पुराने रोगों की चिकित्सा जिसमें सभी प्रकार के पुराने वात रोग, आमवात, संधिवात, सायटिका, गठिया, जोड़ों का दर्द, बवासीर, दमा, श्वांस, पुरानी खांसी, जुकाम, सिरदर्द, चर्मरोग, एग्जीमा, दाहन आदि मधुमेह, पेट की बीमारियाँ, पेट का जलन, गैसेज, दर्द, कब्ज, आंव, कमर या पेट का दर्द, छाले आदि सभी प्रकार के रोगों का उपचार किया गया। अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क किया गया। इस अवसर पर कबीर आश्रम सेलूद के वेदान्ताचार्य सुकृतदास शास्त्री, पाटन जनपद सदस्य खिलेश बबलू मारकंडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, सेलुद सरपंच खेमिन साहू, पूर्व सरपंच भुवनेश्वरी बघेल, अनुसुईया बंछोर, डाँ भावना पाल, संगीता कोठारी, आशा परगनिहा, अर्जुन ठाकुर, प्यारेलाल साहू, रुपराम साहू, ज्यायसी, वंदना चौधरी, रामेश्वरी आदि उपस्थित थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# आकाशगंगा सुपेला की थोक सब्जी मंडी का अब जल्द हो स्थानांतरण

## गुस्साए सब्जी व्यवसायियों ने भिलाई निगम के कमिश्नर से की चर्चा, गंदगी बदबू में मुश्किल हुआ व्यवसाय करना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी सुपेला के थोक सब्जी विक्रेता संघ के बैनर तले थोक सब्जी विक्रेताओं ने शुक्रवार को नगर निगम भिलाई के आयुक्त से मिलकर सब्जी मंडी की जल्द शिफ्टिंग की मांग की। उन्हें ज्ञापन सौंपकर मंडी में वर्षों से व्याप्त समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पूरी नही होने पर कलेक्टर व संभागायुक्त से मिलने की बात कही। कमिश्नर ने महापौर व संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर 15 दिन में सकारात्क जवाब देने का आश्वासन दिया है।

पिछले कई सालों से आकाशगंगा सब्जी मंडी में भारी गंदगी सहित चौतरफा समस्याओं से जूझते हुए व्यवसाय कर रहे सब्जी व्यवसायियों ने निगम के आश्वासनों से त्रस्त होकर आज भिलाई नगर निगम मुख्यालय में हल्ला बोला। सब्जी मंडी विक्रेता संघ के अध्यक्ष रवि जान सिंह की अगुवाई में 90 थोक सब्जी व्यवसायी नारेबाजी करते हुए कमिश्नर को ज्ञापन देने पहुंचे। कुछ देर बाद संघ के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को कमिश्नर से चर्चा के लिए बुलाया गया। अध्यक्ष रवि जान सिंह व कार्यालय मंत्री त्रिलोक मिश्रा सहित अंबुज कुकरेजा, अरविंद गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, दाऊलाल देवांगन, छोटू तारा सिंह शामिल थे। व्यवसायियों ने कमिश्नर को बताया कि पिछले 24 साल से सब्जी मंडी की जगह छोटी पड़ने और व्याप्त समस्याओं के चलते भारी दिक्कतों के कारण व्यवसाय करना मुश्किल हो रहा है। पावरहाउस में 40 साल संचालन के बाद सब्जी मंडी को आकाशगंगा में स्थानांतरित किया गया था। व्यवसायियों की मांग पर दो साल पूर्व महापौर देवेंद्र यादव के कार्यकाल में एमआईसी ने मंडी को भिलाई नगर स्टेशन के पास स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पास हुआा था। इसके बाद कलेक्टर ने भी तीन माह में मंडी को निर्धारित स्थल पर शिफ्ट करने का आश्वासन दिया था। लेकिन परिणाम शून्य रहने से व्यवसायियों को बदहाल बुनियाद समस्याओं के बीच बारिश के मौसम में व्यवसाय करना दूभर हो गया है। अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि मंडी की जगह छोटी पड़ने के साथ चारों ओर गंदगी, बदबू और जर्जर सड़क, पार्किंग, सफाई और आवारा मवेशी की समस्याओं से व्यवसाय करने में भारी दिक्कत हो रही है। थोक सब्जी विक्रेताओं ने समस्या के लिए जल्दसब्जी मंडी को स्थानांतरित करने की मांग की। कमिश्नर ने 15 दिन में समस्या का निदान करने जवाब देने का आश्वासन दिया है।



### अटलबिहारी वाजपेयी के नाम से हो मंडी

कमिश्नर से चर्चा में सब्जी विक्रेताओं ने आकाशंगा सब्जी मंडी का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी या सब्जी मंडी के अध्यक्ष रहे स्व. जानसिंह के नाम किए जाने की मांग भी की। अध्यक्ष रवि सिंह ने ज्ञापन में बताया कि भिलाई निगम की एमआईसी द्वारा आकाशंगा सब्जी मंडी का नाम पार्षद स्व. मंगा सिंह के नाम रखे जाने का निर्णय लिए जाने की जानकारी मंडी को मिली है। मंगा सिंह का सब्जी व्यवसाय से कोई संबंध नहीं है और न ही मंडी में कोई योगदान रहा। वे एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी थी। इसलिए उनके नाम मंडी का नामकरण किया जाना उचित नहीं है। सब्जी व्यवसायियों ने आकाशगंगा सब्जी मंडी का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम रखे जाने की मांग कमिश्नर से की। या फिर नामकरण अपने जीवन के 50 साल सब्जी मंडी को देने वाले मंडी समिति के अध्यक्ष जानसिंह के नाम किए जाने की मांग की। उनकी कोविडकाल मे मृत्यु हो गई थी।

## खबर संक्षेप

### स्टील सम्मेलन में एनएसपीसीएल की भागीदारी

**भिलाई।** एनएसपीसीएल ने भारतीय स्टील सम्मेलन में भागीदारी दी है। दो-दिवसीय सम्मेलन में देश भर से सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की लौह और इस्पात कंपनियों के साथ-साथ अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संस्थानों के तकनीकी विशेषज्ञों ने डीकार्बोनाइजेशन विषय पर विमर्श किया। एनएसपीसीएल प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सोमनाथ चट्टोपाध्याय, जीएम और बीयूएच, एनएसपीसीएलभिलाई, और शकमल कांत, एजीएम एनएसपीसीएल ने किया ।

### ललित बने कर्मचारी प्रांतीय सहप्रवक्ता

**सेलूद।** ग्राम दैमार शिवपार्क कॉलोनी अमलेश्वर निवासी एवं शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मगरघटा में शिक्षक के पद पर पदस्थ ललित कुमार बिजौरा को



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रांतीय सह प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा द्वारा की गई है। कमल वर्मा ने फेडरेशन से सम्बंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन हेतु यह नियुक्ति की है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार गंजीर, अनेश्वर चंद्राकर, घनश्याम पटेल, प्रवीण कुमार सिंग, योगेश नायक आदि ने बधाई दी है।

## डीकार्बोनाइजेशन पर भारतीय इस्पात कान्फ्रेंस पर दिनभर हुआ मंथन

# ग्रीन स्टील के उत्पादन से हासिल होगा नेट जीरो कार्बन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

'डीकार्बोनाइजेशन और बुनियादी ढांचे के विकास का महत्व और भूमिका विषय पर कलामंदिर में आयोजित, दो दिवसीय "भारतीय इस्पात सम्मेलन के दूसरे दिन शुक्रवार को समापन, बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा सीएसवीटीटू के कुलपति डां. एमके वर्मा की उपस्थिति में हुआ। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, बीके गिरी तथा अरुण कुमार सहित देश के विभिन्न स्थानो से आये सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के लौह और इस्पात उत्पादक कंपनी, इस्पात निर्माण से संबंधित अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संस्थानों के टेक्नोक्रेट, विशेषज्ञ और प्रतिनिधिगण भी मौजूद थे।शुक्रवार को छठे और सातवें सत्र में कंपनियों और संस्थानों के प्रतिनिधियों ने तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया। सम्मेलन का समापन आईआईएम भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष अंजनी कुमार ने नेट जीरो कार्बन के लक्ष्य को प्राप्त करने डीकार्बोनाइजेशन की वर्तमान स्थिति टेक्नोलाजी के साथ कार्बन फूटप्रिंट को कम करने, ग्रीन प्रैक्टिस, ग्रीन एनर्जी, ग्रीन स्टील, सस्टेनेबल एनर्जी और समाधान पर जोर दिया। डां वर्मा ने टेक्नोलाजी के विकास, डीप लर्निंग पर विचार साझा किये। श्री दासगुप्ता ने डां. एमके वर्मा तथा अंजनी कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### कलामंदिर में विभिन्न सत्रों में शोधपत्रों पर हुई गंभीर चर्चा



### लक्ष्य के लिए टेक्निकल अकादमी से संपर्क

सम्मेलन के संयोजक एस मजूमदार ने कहा कि कहा कि आयोजकों को इस सम्मेलन में आये टेक्नीकल अकादमी से सम्पर्क में रहना चाहिए। मेटालर्जी के विद्यार्थियों के ज्ञान और अनुभव को स्टील इंडस्ट्री के तकनीकी क्षेत्र के नए रिसर्च को स्टील उत्पादन और डीकार्बोनाइजेशन के आगामी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सुष्मिता पाटला द्वारा किया गया। छठे सत्र में बोकारो स्टील प्लांट के नितेश रंजन द्वारा 'संसाधन दक्षता और टेक्नोलजीकल इंटरवेंशन के माध्यम से लौह और इस्पात में कमी तथा सीईटी–रांची के राजीब बैनर्जी द्वारा 'प्रक्रिया दक्षता के माध्यम से सेल में कार्बन में कमी' पर पेपर प्रस्तुत किया गया।

### बीएसपी ने सुझाए उपाय

बीएसपी के संजीव वर्गीस द्वारा 'सिंटर प्लांट में डीकार्बोनाइजेशन पहल' तथा आरडीसीआईएस – बोकारो सब सेंटर के अभिजीत दास द्वारा 'सर्फेक्टेंट–एन्हांस्ड क्वेंचिंग वाटर के साथ कोक नमी कम करने की रणनीति, एनआईटी–रायपुर से हूमा अफरीन ने कंक्रीट उत्पादन में आंशिक प्रतिस्थापन के रूप में स्टील स्लैग का उपयोग: एक समीक्षा' तथा सीईटी–रांची के सोमराज चक्रवर्ती ने 'इस्पात उद्योग में हाइड्रोजन का उपयोग: इस्पात उद्योग से कार्बन उत्सर्जन को कम करने का रोडमैप' विषय पर तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये। सत्र अध्यक्ष, बीएसपी के पूर्व सीईओ वीके अरोरा और प्रतिवेदक सीजीएम इंचार्ज असित साहा के द्वारा सारांश प्रस्तुत किया गया।

### दो सत्रों मे सस्टेनेबल व ग्रीन स्टील पर जोर

सातवें और अंतिम सत्र में वीपी एपीएल अशोक कुमार विश्वकर्मा द्वारा 'सस्टेनेबल कलर कोटेड उत्पादों की दिशा में दृढ़ कदम' विषय पर तथा बीएसपी से संदीप साहू द्वारा 'डीकार्बोनाइजिंग सेल द वे फारवर्ड' विषय पर पेपर प्रस्तुत किया। आरडीसीआईएस, भिलाई से रवि प्रताप सिंह 'रेल में रेसीडुअल स्ट्रेस और टाटा स्टील से डां. शुभंकर दास बख्शी ने 'सुपीरियर लो टेम्परेचर इम्पैक्ट टफनेस के साथ एल एंड ई और संरचनात्मक अनुप्रयोग के लिए वाईएस 700 एचएसएलए स्टील का डिजाइन और विकास' विषय पर तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया। आईआईटी–भिलाई से याग्नेश षडंगी ने "मैकेनिकल अलयिंग और स्पार्क प्लाज्मा सिंटरिंग द्वारा तैयार हाई एन्ट्रपी स्टील्स पर तथा "एनटीपीसी की कार्बन कैप्चर उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) के माध्यम से डीकार्बोनाइजेशन पहल पर अंकित गुप्ता द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये गए। सारांश सत्र के अध्यक्ष पूर्व सीईओ (आरएसपी–सेल) जीएस प्रसाद और प्रतिवेदक सीजीएम इंचार्ज (सेवाएं, बीएसपी–सेल पीके सरकार के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## आपूर्तिकर्ताओं व कंपनी के बीच बेहतर तालमेल बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भारतीय इस्पात सम्मेलन पर शाम को भिलाई निवास के बहुउद्देषीय सभागार में सप्लायर्स मीट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के सीजीएम आयोजन समिति के अध्यक्ष तापस दासगुप्ता थे।

प्रारंभ में सीजीम अनुप कुमार दत्ता व प्रणय कुमार ने कहा कि इससे आपूर्तिकर्ताओं और कंपनी के बीच बेहतर तालमेल बनेगा। प्रथम सत्र में

- भिलाई निवास में हुई सप्लायर मीट

काबू प्रोजेक्ट द्वारा एसी, मेको कार्पोरेषन, चैम्पियन सिरेमिक, एनआईटी, रायपुर से खिलेश्वर कुमार द्वारा और टीम भिलाई से श्री आशीष मिश्रा और वी अनुराधा द्वारा ब्लास्ट स्लैग के उपयोग एवं ठोस अपषिष्ट के प्रबंधन पर रोचक प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें पेवर ब्लॉक का निर्माण और एनआईटी रायपुर के साथ मिलकर नए उत्पादों का विकास पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। टी ब्रेक के बाद द्वितीय सत्र में चार प्रस्तुतिकरण दिए गए। आर प्रमोद (आरडीसीआईएस रांची) ने इस्पात उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन के लिए जैव ईंधन के उपयोग पर प्रस्तुति दी।दूसरे सत्र में खनिज एवं सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएमएमटी), भुवनेश्वर के अनिला कुमार चौबे और राहुल सोनी द्वारा दो प्रस्तुतियां दी गईं।



### यह रहे उपस्थित

सप्लायर्स मीट में संयंत्र के पूर्व ईडी वाइके डेगन विशेष अतिथि थे। चेयरमेन (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स) बीपी यादव, डायरेक्टर (आयरन स्टील रिव्यू) एस महंती, अध्यक्ष (आईईआई, बीएलसी) पुनीत चौबे तथा सीजीएम अरूण कुमार, पूर्व ईडी वाइके डेगन,मुख्य महाप्रबंधक गण प्रवीण राय भल्ला आदि उपस्थित थे।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

# कार्बनमुक्त इस्पात उत्पादन में कारगर साबित होगा सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आयरन एंड स्टील रिव्यू मैगजीन कोलकाता, आईआईएम, भिलाई चेप्टर इंडिया द्वारा बीएसपी के सहयोग से महात्मा गांधी कलामंदिर में आयोजित दो दिवसीय भारतीय इस्पात सम्मेलन देश के विभिन्न स्थानों से आए प्रतिभागी प्रतिनिधियों को लिए ग्रीन स्टील निर्माण की दृष्टि से सीखने सिखाने वाला अनुभव रहा। सेल की यूनिटों के साथ निजी इस्पात उद्योगों के प्रतिभागियों के मुताबिक कार्बनमुक्त स्टील के लक्ष्य के लिए यहां तकनीकों, अनुभवों और प्रयासों के शेयरिंग से निश्चित तौर पर देश व सेल के साथ इस्पात उद्योगों को लाभ होगा। पूरे आयोजन में बीएसपी की सभी तरह की व्यवस्था बेहतर रही। रात में कुछ सुगम व शास्त्रीय संगीत या फाक जैसा कार्यक्रम होता तो सोने में सोहागा हो जाता है। प्रतिभागी उद्योगों को अनुभवी महिला प्रतिनिधियों को भी पेपर प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा सकता था। बट मात्र दो दिन में 37 रिसर्च पेपर व नौ सत्र तथा कस्टमर मीट करवाना एक बड़ी उपलब्धी रही।

- शोधपत्रों के साथ आयोजकीय व्यवस्था को सराहा, कहा लाइट म्यूजिक से मिलता सुकून

### लक्ष्यपरक रहा सम्मेलन: शिखर



इंस्टीट्यूट आफ इंडिया भिलाई के पूर्व अध्यक्ष शिखर तिवारी ने भिलाई में हुए दो दिवसीय भारत इस्पात सम्मेलन को सार्थक बताते हुए कहा कि हमारी यह कान्फ्रेंस डीकार्बोनाइजेश की दिशा में फलीभूत साबित होगी। भारत सरकार के ग्रीन स्टील के लक्ष्य के लिए सेल व बीएसपी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस्पात उत्पादन में कोक की बजाए हाईड्रोजन उपयोग करने से कार्बन कम होगा। आईआईटी, एनआईटी सहित सभी उद्योगों के प्रस्तुत 37 शोधपत्रों पर लगातार काम किया जाए तो कार्बनमुक्त स्टील उत्पादन में सफलता जरुर मिलेगी।

### शोध में मिलेगा लाभ: राजेश



टीआरएल कोरोसाकी कोलकाता के प्रतिनिधि राजेश घोष बताते हैं कि बीएसपी के सहयोग से आयोजित स्टील कान्फ्रेंस रिसर्च पेपरों से लेकर आयोजकीय व्यवस्था तक सभी कुछ बेहतर रहा। सम्मेलन मे आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, सीएसवीटीयू व आरडीसीआईएस जैसे उच्च तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ने से निश्चित रुप से स्टील प्रोडक्शन में कार्बन कम करने होने वाले नए शोधों व परिणामों का मार्ग खुलेगा। सम्मेलन में नई टेक्निकों व खोजों का कोलायब्रेशन फायदेमंद होगा। डीकार्बोनाइजेशन के लिए सरकार को फंडिंग व सुविधाएं बढ़ाने की भी जरुरत है।

### अनुभव अच्छा रहा: सहारे

बीएसपी के महाप्रबंधक ( आरसीएल) एके सहारे बताते हैं कि सम्मेलन का अनुभव अच्छा रहा। डीकार्बोनाइजेशन एक ग्लोबल



समस्या है। भारत खासकर इस्पात उद्योग इस मामले में बहुत तेजी से काम कर रहा है। स्टील निर्माण में कार्बन कम करने सीडीआई कोल के बाद हाइड्रोजन,मिथेन जैसी प्राकृतिक गैसों का उपयोग जरुरी है। बीएसपी में हम 25 प्रतिशत पैलेट यूज कर रहे हैं, जिसे 30 प्रतिशत लाने प्रबंधन प्रयासरत है। देश में 2070 तक स्टील को जीरो कार्बन करने का लक्ष्य है। भिलाई इस्पात सम्मेलन भिलाई में थोड़ चैलेंजिंग माना जा रहा था, लेकिन बीएसपी सहित आयोजक संस्थानों व प्रतिनिधियों के सहयोग व उम्दा व्यवस्था से परिणामकारी अवसर में बदल गया।

### कार्बन को ग्रीन एनर्जी में बदलें: पंकज



मैको कार्पोरेशन भिलाई के पंकज रावत ने कहा कि इस्पात उत्पादन में एनर्जी के उपयोग से बढ़ रहा सीओ- 2 कार्बन भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंता है। सम्मेलन मे देशभर से आए विशेषज्ञों व टेक्नोक्रेट ने अपने शोधपत्रों में बताया कि ग्रीनहाउस व तापमान बढ़ने से स्टील उत्पादन के दौरान किस तरह ग्रीन एनर्जी तकनीक विकसित की जाए। यहां सार्थक चर्चा के बाद सभी प्रतिनिधि अपने उद्योगों व उपक्रमों में जाकर गंभीरता से निष्कर्ष को इंपलीमेंट करने चर्चा करेंगे। निष्कर्षों का सीरियसली क्रियान्वयन होने और सभी की सहभागिता से परिणाम मिलेंगे।

### कार्बन कम करने हुआ मंथन: चौबे



सीएसआईआर भुवनेश्वर के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट डां. अनिल कुमार चौबे बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन व पावर से जिस हिसाब से स्टील में कार्बन मात्रा बढ़ रही है, उसका मंथन भिलाई इस्पात सम्मेलन में हो रहा है। सलेक्टिव पेपर के निष्कर्ष से अवश्य इस्पात उद्योग व सरकार के प्रयासों मे नई रोशनी पड़ेगी। हमें नई तकनीक से कार्बन उत्सर्जन कम करने सतत प्रयास तेज करने होंगे। इसके लिए प्रौद्योगिकी संस्थानों, लेब और संबंधित प्रयासों के लिए फंडिंग व संसाधन पर सरकार को अधिक ध्यान देने की जरुरत है।

## इस्पात सम्मेलन में भिलाई महिला समाज की भागीदारी

**भिलाई।** कलामंदिर में भारतीय स्टील कान्फ्रेंस के अवसर पर लगी प्रदर्शनी में भिलाई महिला समाज के स्टाल भी प्रदर्शित किया गया। समाज की पदाधिकारियों व सदस्यों ने विभिन्न स्थानों से आए प्रतिभागियों को समाज द्वारा बनाए जाने वाली उपयोगी सामग्रियों के बार में बताया। अतिथियों ने इनमें रुचि दिखाई। स्टांल में ज्वार, बाजरा का आटा, रागी, पापड़, अचार आदि प्रदर्शित थे। स्टांल मे महिला समाज की सचिव साधना गोयल, सहसचिव सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष चैती पाल व रुखसान सहित रीता तिवारी, पूनम प्रियदर्शी, सपना सोनी, निलिमा साहू, राजश्री चौधरी और उत्तरा साहू ने सहभागिता दी।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

02

जन्माष्टमी का समापन समारोह कल, पूर्व सीएम होंगे शामिल

लाइव इवेंट

## दुर्ग के 100 से ज्यादा ट्रैक मेंटेनर समारोह में हुए शामिल



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन द्वारा अर्बन बैंक डेलीगेट चुनाव 2024 में शानदार प्रदर्शन करने पर एक मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रायपुर स्थित वैगन रिपेयरिंग शॉप रेलवे इंस्टीट्यूट में यह समारोह आयोजित हुआ। इसमें बिलासपुर जोन के तीनों मंडल बिलासपुर , रायपुर और नागपुर के सभी विजयी सदस्यों के साथ मंडल और जोन के सभी पदाधिकारियों ने शिरकत की। एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष व जोनल महामंत्री ने सभी सम्मानित सदस्यों को मोमेंटो और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ट्रैकमेंटेनर एसोसिएशन का रायपुर का आयोजन



### संगठन की मजबूती पर जोर, समस्याओं से अवगत कराने बैठक में बनी सहमति

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जोनल अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कौशिक थी। उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं से रेलवे बोर्ड और उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का भरोसा दिलाया। आयोजन में जोनल महामंत्री संजय गुप्ता, दुर्ग जिला अध्यक्ष विनोद सिंह, सुरेश यादव, विनोद कुमार, नरेंद्र कोष्टा, नरेन्द्र साहू, सफिक, झुमूक कुल्हाड़ा, अजय सिंह, बसंत साहू सहित अन्य मौजूद थे। दुर्ग से 100 से ज्यादा ट्रैक मेंटेनर शामिल हुए।

● भारत सरकार की 2018 में जारी हुई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, दुर्ग में हुई कार्यशाला में दी जानकारी

# नशामुक्त समाज के लिए मुहिम...छग में हर 100 में 36 लोग नशा कर रहे, इसमें 6 नशे की गिरफ्त में आ रहे

भिलाई। भारत सरकार द्वारा 2018 में नशे को लेकर जारी की गई एक रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में नशा करने वाले देश के अन्य हिस्सों से ज्यादा है। छत्तीसगढ़ में हर 100 में से 35.60 लोग नशा करते हैं। इसमें भी 6 ऐसे हैं, जो नशे के आदी हो रहे हैं।पुलिस, जिला प्रशासन और कल्याणी सोशल वेलफेयर रिसर्च आर्गेनाइजेशन की संयुक्त कार्यशाला में इस विषय पर चर्चा के बाद यह जानकारी सामने आई है। इसके बाद अब दुर्ग पुलिस ने नशामुक्त समाज नाम से अभियान शुरू किया है, दावा किया जा रहा है कि 26 जनवरी तक नशामुक्ति को लेकर एक बड़ा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जो माता-पिता अपने युवा हो रहे बच्चों पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, उसके घातक परिणाम सामने आने लगे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे बच्चे नशे की गिरफ्त में ज्यादा हैं। उनके द्वारा मादकद्रव्यों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह नशा किसी भी प्रकार का हो सकता है। स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले भोले-भाले बच्चे और युवा ज्यादा शिकार हो रहे हैं। एक बार जो युवा नशे की जकड़ में गया, फिर बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। शहर के अंदर प्रतिबंधित नशे का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। जिला पुलिस को भी जानकारी है, मगर पुलिस अफसरअब तक चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे थे, लेकिन वर्तमान पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने इसे लेकर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने पूरी ताकत से इस अभियान को शुरू करने निर्णय लिया है। दुर्ग निगम के सभागार में हुई कार्यशाला में उन्होंने इस बारे में खुलकर कहा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए अभिभावकों के साथ-साथ शहरवासियों को भी एक होकर नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी। सामूहिक प्रयास से ही हम इस लड़ाई को जीत पाएंगे।





### संकल्प एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान शुरू

कार्यशाला में जिला, पुलिस प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग और निगम के अधिकारी शामिल हुए। कल्याणी नशामुक्ति केंद्र न्यू कृष्णा नगर सुपेला के अजय कल्याणी भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। संकल्प एक युद्ध नशे के विरुद्ध नाम से इस कैम्पेन को शुरू किया गया। इस अवसर पर पोस्टर का भी विमोचन किया गया। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी कार्यशाला में शामिल हुए। सामूहिक रूप से नशा मुक्त समाज की स्थापना की शपथ ली गई। इस अवसर पर एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एडीएम अरविंद एक्का, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एसडीएम हरवंश मिरी, पुलिस अधिकारी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, अमित सिंह, अजय शर्मा, ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के इंद्रजीत (छोटू) सिंह सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। दुर्ग निगम में हुई इस बैठक में समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

### तीन चरणों में अभियान

नशा मुक्ति केंद्र के डायरेक्टर अजय कल्याणी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा इस अभियान की शुरुआत की जा रही है। तीन चरणों में यह अभियान चलाया जाना है, इसमें सबसे पहले जागरुकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्लम क्षेत्रों, स्कूल-कॉलेज के आसपास लोगों को नशे से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके बाद पुलिस, समाज कल्याण विभाग की टीमें कार्रवाई करेंगी। इसके बाद तीसरे और अंतिम चरण में हम ट्रीटमेंट करेंगे। ऐसे नशे के आदी लोगों को खोजा जाएगा, जो नशे के बिना नहीं रह पा रहे। उनका उपचार किया जाएगा। हमने महिलाओं और 18 वर्ष या इससे कम उम्र के बच्चों के लिए अलग से नशामुक्ति केंद्र खोले जाने की मांग भी रखी है, इनकी संख्या तेजी से बढ़ी है। ताकि ऐसे लोगों का प्रॉपर ट्रीटमेंट हो सके।




**इन नंबरों पर करें शिकायत**

| | |
|---|---|
| एसपी | 9479190225 |
| सीएसपी दुर्ग | 9479192006 |
| सीएसपी छावनी | 9479192007 |
| सीएसपी भिलाईनगर | 9479192008 |
| एसडीओपी पाटन | 9479192011 |
| एसडीओपी धमधा | 9993856688 |
| नशामुक्ति केंद्र | 9302912115, 7869512115 |
| हेल्पलाइन नंबर | 9479192099 |

सिटी इवेंट

## संदीप व सोमिन और मेघा शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अलंकरण पुरस्कार से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह की उपस्थिति में प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट खिलाड़ी संदीप वर्मा, सोमिन कुमारी, मेघा देशमुख को शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें ब्लेजर 25 हजार रुपए नगद पुरस्कार, प्रशस्ति प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। 32वें सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग छत्तीसगढ़ टीम उपविजेता रही। समस्त खिलाड़ियों को 20-20 हजार रुपए प्रदान किया गया। यह राशि 14 खिलाड़ियों को प्रदान की गई। इसी प्रकार 30 वें जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में जूनियर बालक वर्ग विजेता होने पर प्रत्येक खिलाड़ी को 15-15 हजार रुपए की राशि प्रत्येक खिलाड़ी को सम्मान स्वरूप प्रदान की गई।

### राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में छग की महिला और पुरुष टीमें लेंगी भाग

**भिलाई।** जम्मू एवं कश्मीर टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा 35वीं राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला वर्ग का आयोजन 18 से 21 नवंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की पुरुष एवं महिला टीम भी भाग लेगी। छत्तीसगढ़ राज्य कि टीम के गठन के लिए शुक्रवार को लाल मैदान हॉस्टल नंबर 2 सेक्टर 3 में एक चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस चयन स्पर्धा में महिला वर्ग में 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में 44 खिलाड़ियों ने भाग लिया। महिला वर्ग कीचयन स्पर्धा में चयनकर्ता जयप्रकाश आर्य, संतोष प्रसाद एवं शकील अहमद थे पुरुष वर्ग की चयन स्पर्धा में चयनकर्ता राधेश्याम, संतोष भारद्वाज एवं कृष्णा रावथे इस चयन स्पर्धा के कोऑर्डिनेटर विनोद देवघरे थे। इस चयन स्पर्धा के दौरान सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन और बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के सचिव वंश बहादुर सिंह, आजाद अहमद, कुदरत दास, शशिकांत नायडू, राजेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



## भाजपा का 1 से सदस्यता अभियान तैयारियों को लेकर रिसाली में बैठक

**भिलाई।** रिसाली लक्ष्मी पैलेस में भाजपा रिसाली मंडल की 1 सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। इस दौरान पार्टी हाईकमान के निर्देशों के अनुरूप वरिष्ठ नेताओं ने सदस्यता अभियान का प्रशिक्षण दिया। साथ ही मंडल में चलाए जाने वाले अभियान की रूप रेखा भी बनाई।

मुख्य वक्ता के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। चंद्राकर ने कहा कि सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जुट जाएं। प्रत्येक बूथ तक कार्यकर्ता पहुंचे और अधिक से अधिक लोगो को पार्टी और विचारधारा से जोड़ने का प्रयास करें। इस अवसर पर मंडल प्रमुख रूप से




सांसद प्रतिनिधि पप्पू दीपक चंद्राकर, शैलेन्द्र शेंडे, प्रभारी उपासना साहू, राजू जंघेल, दशरथ साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, सुनील साहू, पार्षद हरीश नायक, विक्की चंद्राकर, ममता सिन्हा, शीला नारखेड़े, विधि यादव, गजेंद्री कोठारी, सविता धवज, मनीष यादव,अजीत चौधरी, अनुपम साहू, राहुल परिहार सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री रामदेव बाबा के भादवा मेला में 4 से जम्मा जागरण व भजनों की मचेगी धूम

**दुर्ग।** पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में रामदेव बाबा का भादवा मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। 4 सितंबर से 13 सितंबर तक आयोजित 10 दिवसीय भादवा मेला में जम्मा जागरण व भजनों की धूम मचेगी। यह भादवा मेला चालीसगांव महाराष्ट्र के सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किया गया है।

भादवा मेला के अंतिम दिन 13 सितंबर को प्रातः 11 बजे हवन-पूजन कर महाआरती की जाएगी,तत्पश्चात महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। भादवा मेला में प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटते है। फलस्वरुप मेला स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भव्य पंडाल निर्माण के अलावा अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी अंतिम चरण पर है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री रामदेव बाबा दरबार समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन (कुंमट) ने बताया कि भादवा मेला की शुरुआत 4 सितंबर से होगी। इस अवसर पर पूरे 10 दिन देश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा जम्मा जागरण व



भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 4 सितंबर को भजन गायक गौरव बजाज दुर्ग द्वारा भव्य जम्मा जागरण एवं जन्मोत्सव के भजन, 5 सितंबर को श्री बाबा रामदेव भगत संगम,गंगानगर राजस्थान,6 सितंबर को ऋषभ देशलहरा,नारायणपुर,7 सितंबर को हार्दिक व्यास राजनांदगांव, 8 सितंबर को मयूर मयंक बिंदल डोंगरगढ़,9 सितंबर को महेश, राकेश कोलकाता पश्चिम बंगाल, 10 सितंबर को श्रीमती पिंकी मिनाक्षी कोलकाता पश्चिम बंगाल, 11 सितंबर को रितेश पवार, जोधपुर राजस्थान व 12 सितंबर को गौरव बजाज दुर्ग द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह सभी जम्मा जागरण व भजनों का आयोजन दरबार में प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से शुरु होगा।

अशोक वाटिका में माता सीता पर रावण के प्रहार को केनवास पर उतारा

# शिल्पग्राम थनौद की बेटी विश्व स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में पांचवें स्थान पर रही

कार्नर न्यूज



दुर्ग। शिल्पग्राम थनौद, जहां हर घर में एक मूर्तिकार है। इस ग्राम में भगवान गणेश और मां दुर्गा की मिट्टी की प्रतिमाएं तैयार की जाती है, जिसकी पूरे मध्य भारत में डिमांड है। अब यहां की बेटियां भी इस कला को केनवास पर उकेर रही हैं। थनौद के राधे श्याम चक्रधारी की बेटी पूनम चक्रधारी ने देश ही नहीं दुनिया में नाम रोशन किया है। उसने दुबई में स्थित कला शिल्प नामक संस्था द्वारा आयोजित संकट मोचन-2 के तहत सुंदरकांड थीम पर पेंटिंग तैयार की है।



### पूनम खैरागढ़ यूनिवर्सिटी में कर रही पढ़ाई

दुर्ग जिले के ग्राम थनौद से आने वाली पूनम की प्रतिभा ने लोगों को प्रभावित किया है। प्रतिभा इस समय खैरागढ़ विश्वविद्यालय में सातवें सेमेस्टर की छात्रा है। वह बचपन से अपने पिता और भाई का हाथ बटाते आ रही है। उसने मिट्टी की मूर्तियां बनाने की कला भी अपने पिता से सीखी है। पूनम बताती हैं कि इस अंतराष्ट्रीय कला प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन किया गया। 30 जून तक प्रतियोगिता में भाग लेने और अपनी पेंटिंग समिट किया जाना था।

दुनियाभर के 225 कलाकारों ने इसमें भाग लिया, जिसमें पूनम पांचवें नंबर पर रहीं। उन्हें सम्मानित किया गया। उसने अशोक वाटिका में हनुमान और माता सीता पर चंद्रहास तलवार से किए जा रहे प्रहार को अपनी पेंटिंग में उकेरा रहा, जिसे इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।

### भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने दुबई में भी किया जा रहा प्रचार

संकट को हरने वाले भगवान श्री हनुमान को "संकटमोचन" कहा गया है। इसी विषय को लेकर दुबई में स्थित "कला-शिल्प" द्वारा अंतराष्ट्रीय स्तर पर कला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। संस्थान के प्रमुख अनिल केजरीवाल हैं। बता दें कि उनके द्वारा पहले भी इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सहित अन्य देशों के 200 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया था। इस आयोजन की घोषणा "संकटमोचन" विषय के साथ की गई थी। इसमें कलाकारों को हनुमान चालीसा की किसी भी चौपाई पर आधारित श्री हनुमानजी पर पेंटिंग बनानी थी। डूंगरपुर की चित्रकार डॉ. अभिलाषा भावसार ने हनुमान चालीसा की चौपाई पर अपनी कलाकृति बनाई, जिसका चयन किया गया था। इसके बाद डॉ.भावसार की पेंटिंग "बचपन" विषयक पर आधारित पेटिंग यूनाईटेड किंगडम (यूके) में बिकी थी।

### द आट्र्स क्रॉफ्ट के अंतर्गत हुई यह ऑनलाइन प्रतियोगिता

दुबई में रहने वाले भारतीय मूल के अनिल केसरीवाल ने प्रतियोगिता का आयोजन किया। उन्होंने द आट्र्स क्राफ्स की घोषणा की थी। दुनियाभर को लोगों, कलाकारों को आमंत्रित किया था। व्यापरिक कंपनी स्टार ग्लोबल ने इस इवेंट का प्रचार किया। अनिल केजरीवाल ने सुंदरकांड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यामिकता को पूरी दुनिया तक पहुंचाने के लिए यह आयोजन किया गया। पहले भी इस प्रकार के आयोजन हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें कला सीखने का अवसर अपने दादा, पिता और भाई से मिला, जिसे वे आगे बढ़ा रही हैं।

## सिटी इवेंट

# कोनारी में चलाया स्वच्छता और पौधारोपण अभियान




**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गोदग्राम कोनारी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

- भारती विश्वविद्यालय दुर्ग का आयोजन

सर्वप्रथम प्रकोष्ठ के कार्यक्रम अधिकारी एवं गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने स्वच्छ भारत अभियान तथा वृक्षारोपण अभियान के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मेश्राम ने कहा कि वृक्षारोपण के माध्यम से वनों की कटाई, मिट्टी का कटाव, अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में मरुस्थलीकरण और ग्लोबल वार्मिंग से आसानी से निपटा जा सकता है। तत्पश्चात विद्यार्थियों की मदद से विद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों की मदद से आम, अमरूद, बादाम आदि के पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए। उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस देवांगन एवं अन्य शिक्षकगण और डॉ. रोहित कुमार वर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## धर्म लाइव

# जन्माष्टमी का समापन समारोह कल, पूर्व सीएम होंगे शामिल



**भिलाई।** कोसरिया यादव समाज के तत्वावधान में दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का समापन समारोह 1 सितंबर को मनाया जाएगा। आयोजन गांधी सभागृह म्यूनसिपल स्कूल राजनांदगांव में किया जाएगा। आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि होंगे। इस आयोजन मे शिक्षा, कला, खेल, समाजसेवा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। शोभायात्रा के प्रतिभागी झांकी का सम्मान किया जाएगा। समाज के 35 समूह नृत्य व 5 एकल नृत्य बच्चों की प्रस्तुति, सुरगी के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अतिथियो का सम्मान कार्यक्रम होगा। कोसरिया यादव समाज के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से महापौर हेमा देशमुख, कुलबीर छाबड़ा, भोलाराम साहू, नवाज खान, भागवत साहू, धनेश पाटिला, जितेन्द्र मुदलियार, हफीज खान सहित अन्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजय यादव करेंगे। समाज से कोनिका यादव, मेघनाथ यादव, रविन्द्र यादव, चन्द्रहास यादव, चन्द्रप्रकाश, ईश्वर यादव सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

- कोसरिया यादव समाज का आयोजन

## स्पोर्ट्स इवेंट

# पॉवर लिफ्टिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम




**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्लासिक बेंच प्रेस पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं दुर्ग जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकाद भवन दुर्ग में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अन्नु राणा, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी अंबर सिंह भारद्वाज थे। उनके अलावा कार्यक्रम में उत्कल समाज के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कौशल कुमार तांडी, एसोसिएशन के अध्यक्ष तुलसी सोनी, कृष्णा साहू, अंतरराष्ट्रीय निर्णायक, संतोष देवांगन, महेश पटेल, चांद सोनी, प्रिंस पीयुष टंडन मौजूद थे। कार्यक्रम में नश्कर टंडन को स्ट्रांग मैन ऑफ छत्तीसगढ़ 2024 से नवाजा गया। नश्कर सीएचसी रिसाली, निकुम ब्लाक में लेखापाल/ सहायक ग्रेड 2 के पद पर कार्यरत हैं। आयोजित प्रतियोगिता में 93 किग्रा वजन वर्ग समूह मास्टर -3 में अपने प्रथम प्रयास में 82.5 किलो वजन उठाया, दूसरे प्रयास में 90 किलो वजन उठाया एवं तीसरे और अंतिम प्रयास में 92.5 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। नश्कर राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत पदक एवं कांस्य पदक जमशेदपुर, जम्मू-कश्मीर, मुंबई महाराष्ट्र, गोवा में आयोजित में भी पदक जीत चुके हैं। पिछले दिनों इंदौर में राष्ट्रीय मास्टर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्गों में उन्होंने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता था।

- नश्कर टंडन को स्ट्रांग मैन ऑफ छग-2024 के खिताब से नवाजा गया

● राष्ट्रीय खेल दिवस : शहर के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थाओं में अलग-अलग आयोजन

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया याद कॉलेजों में जुम्बा डांस, कुर्सी दौड़ जैसी स्पर्धाएं हुई

**भिलाई।** जिस भारतीय हॉकी खिलाड़ी ने पूरी दुनिया को अपने खेल से चौंकाया था, उसके नाम पर देश में हर साल राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाता है। भारतीय हॉकी के सबसे दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, जिन्होंने भारत के लिए हॉकी खेला है। दूसरे विश्व युद्ध से पहले के वर्षों में हॉकी के खेल पर अपना वर्चस्व कायम करने वाली भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी ध्यानचंद एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे।

जिन्होंने 1928, 1932 और 1936 में भारत को ओलंपिक खेलों में लगातार तीन स्वर्ण पदक जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वो गेंद को अपने नियंत्रण में रखने में इतने निपुण थे कि वो 'हॉकी जादूगर' और 'द मैजिशियन' जैसे नामों से प्रसिद्ध हो गए। तत्कालीन ब्रिटिश भारतीय सेना के साथ अपने कार्यकाल के दौरान हॉकी खेलना शुरू किया। 1922 और 1926 के बीच उन्होंने कई सेना हॉकी टूर्नामेंट और रेजिमेंटल खेलों में भाग लिया। ध्यान सिंह का जन्म इलाहाबाद में हुआ था, उन्हें उनके दोस्त चंद कहकर पुरारते थे। ये नाम इसलिए पड़ा क्योंकि वो अक्सर अपने ड्यूटी के बाद कई घंटे चांदनी रात में अभ्यास करते थे। उनकी जयंती पर भिलाई के कई शैक्षणिक संस्थाओं में खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।



### सेंट थॉमस कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताएं हुई

सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा में मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने इस अवसर पर सभी छात्रों एवं प्राध्यापकों को खेल दिवस की बधाई देते हुए सभी को अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में जुम्बा, कुर्सी दौड़ एवं विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्रों एवं प्राध्यापकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सम्पूर्ण कार्यक्रम खेल अधिकारी कैलाश नारायण वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक महेंद्र इखार एवं अमिताभ शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापिका डॉ रिंसी अब्राहम, डॉ सुनीता क्षत्रिय एवं डॉ अनुपमा गंगराड़े ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### खेल दिवस पर निकाली रैली




**दुर्ग।** सेठ रतनचंद सुराना कला वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर विविध कार्यक्रम हुए। सुराना महाविद्यालय, सुराना विधि महाविद्यालय, बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय,नेशनल स्कूल के शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं समस्त छात्र और छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद दुर्ग जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने झंडा दिखाकर खेल सदभावना रैली की शुरुआत की। इसमें सभी शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। फिर खो खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, हॉकी, फुटबॉल खेलो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग जिला शिक्षण समिति के सचिव दिलीप इंगले, प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. अजय लांजेवार, लेफ्टिनेंट निलेश तिवारी एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे।



### शंकरा विद्यालय में मैराथन दौड़ का आयोजन

शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया था। छठवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों और पालकों ने भाग लिया। मैराथन में विजेताओं एसबीआई के मैनेजर गगन दीप ने पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि खेल जीवन एक महत्वपूर्ण अंग है, जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ व्यक्तित्व का निर्माण होता है। मैराथन में अलग-अलग कक्षाओं के लिए आयोजन किया गया। खेलों का महत्व विषय पर छात्रा स्वाति आचार्य ने अपने विचार व्यक्त किए। वैभव कुमार चौधरी ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्रों द्वारा प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विजयन बी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए खेलों के महत्व के बारे में बताया। प्रधान अध्यापिका शोभा नायर, शिज्जा जॉन और समस्त शाला शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। प्रधानाचार्य बिपिन देशमुख तथा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी. रामचंद्रन, सचिव एस स्वामीनाथन, कोषाध्यक्ष टीआर वेंकटरमन ने कार्यक्रम की सराहना की।




## महेश कॉलोनी में आयोजन

# नवधा रामायण के अंतिम दिन उत्तरकांड का पाठ, दो हजार से ज्यादा भक्त हुए शामिल

**दुर्ग।** महेश कॉलोनी दुर्ग में नौ दिवसीय नवधा रामायण पारायण पाठ का समापन हो गया। आयोजन के अंतिम दिन भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

इस अवसर पर करीब दो हजार से ज्यादा भक्तों एक साथ रामायण का पाठ किया। जोधपुर के पं. गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा ने श्रद्धालुओं को उत्तरकांड की चौपाइयों का पाठ कराते हुए उसमें छिपे ज्ञान के बारे में बताया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, छगन मुंदड़ा, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, महापौर धीरज बाकलीवाल, राकेश शर्मा, खेमचंद मध्यानी, विजय अग्रवाल, राकेश शर्मा, नरसिंग भूतड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शामिल हुए। इससे पहले सुबह राधाकृष्ण मंदिर परिसर में स्थित हनुमानजी को सवामनी का भोग लगाया गया, जिसमें रोठ, बूंदी, पुरी आदि भोग शामिल रहे।

### सवा मनी का प्रसाद बंटा, भगवान राम का हुआ अभिषेक



### भगवान राम का राज्याभिषेक, फिर भजन-कीर्तन

दोपहर 1 बजे से ही रामायण पाठ की शुरुआत हुई। चूंकि अंतिम दिन उत्तरकांड अपेक्षाकृत लंबा होता है, इसलिए दोपहर से शाम 6.30 बजे तक भक्तों ने इसका सामूहिक पाठ किया। इसी अवसर पर भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक भी हुआ, जिसके भजनों पर भक्त जमकर झूमे। मंदिर समिति के प्रमुख चतुर्भुज राठी ने बताया कि आयोजन के अंतिम दिन भगवान श्रीराम के भजनों पर भक्त भावविभोर होकर झूमते रहे। आखिर में रामायणजी की भव्य महाआरती की गई। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक हजारों भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। महेश कॉलोनी नवाधा रामायण पाठ के अंतिम दिन भगवान राम का अभिषेक किया गया। इसके अलावा पूरे दिन महिला मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस बार 21 से 29 अगस्त तक रामायण पाठ का आयोजन किया गया था। इसके अलावा विष्णु महायज्ञ भी हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त आहुति डालने के लिए कार्यक्रम स्थल में पहुंचते रहे। जन्माष्टमी के दिन विशेष उत्सव मना। इस दिन भगवान की महाआरती के साथ रास-गरबा का भी आयोजन किया गया था।

## सीएससीएस क्रिकेट प्रतियोगिता में बीसीए की अंडर-23 और सीनियर टीम लेगी भाग



**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आगामी दिनों में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसमें भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन यानी बीसीए भी भाग लेगी। अंडर 23 एवं सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में बीसीए की टीम भाग लेगी। इसके लिए अंडर 23 वर्ग में बीसीए से खिलाड़ियों का चयन 1 सितंबर दिन रविवार को सुबह 9 बजे से कल्याण कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। यह चयनित खिलाड़ी रायपुर में आयोजित की जाने वाली चयन स्पर्धा में बीसीए का प्रतिनिधित्व करेंगे। सीनियर वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बीसीए की टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 1 सितंबर को कल्याण महाविद्यालय में किया जाएगा। इन दोनों ही वर्ग कि चयन स्पर्धा में चयन कर्ता मोहम्मद तसनीम, बिभाश सिंन्हा एवं संजय चौधरी होंगे। यह जानकारी बीसीए के भास्कर गोस्वामी ने दी।

## बौद्ध महासभा की वार्षिक आमसभा कल

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा के सामान्य सदस्यों की वार्षिक आमसभा बैठक 1 सितंबर को दोपहर दो बजे आयोजित की गई है। बैठक डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में होगी। संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई है। इसमें संस्था के सभी सामान्य सदस्यों को नियत तिथि और नियत समय पर उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। संस्था द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी। बैठक में वार्षिक आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व में किए गए आयोजनों और आगामी कार्ययोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में षष्ठीपूर्ति स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया

# विहिप की 60वीं वर्षगांठ पर ऐतिहासिक यात्रा पर चर्चा, प्रतिभावान हुए सम्मानित

कार्नर न्यूज

**मुख्य वक्ता के रूप में सेवा विभाग प्रमुख अजय पारीक हुए शामिल**

**भिलाई।** विश्व हिंदू परिषद ने 60वीं वर्षगांठ पर भव्य षष्ठीपूर्ति स्थापना दिवस का आयोजन किया। अग्रसेन भवन सेक्टर 6, भिलाई में इसे लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में कई प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान संस्था की ऐतिहासिक यात्रा की सराहना की। मुख्य वक्ता अजय पारीक थे, जो केंद्रीय एवं केंद्र सेवा विभाग के प्रमुख है। उन्होंने संस्था की 60 वर्षों की यात्रा और उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महंत व प्रांत धर्माचार्य प्रमुख वेदप्रकाशाचार्य ने धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया। भागवताचार्य पंडित मनोज पांडे ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया। समारोह में प्रांत मंत्री विभूति भूषण पाण्डेय, प्रांत सह मंत्री नंदू राम साहू, जिला अध्यक्ष मनीष बुचासिया, जिला मंत्री बबलू सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।




### अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ सम्मान समारोह

इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने भारतीय संस्कृति और समाज की एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और भविष्य में निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आगामी दिनों पर होने वाले आयोजनों को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही संगठन के विस्तार की भी कार्ययोजना तैयार की गई। इसके अलावा संगठन में लंबे समय से सेवा देने वाले वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। उनके पुराने अनुभवों के बारे में पूछा गया।



सिटी स्पोर्ट्स

## वेटलिफ्टिंग में रायपुर की पुरुष टीम तीनों वर्गों में विजेता, महिलाएं उपविजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट यूथ जूनियर सीनियर महिला पुरुष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 24,25 और 26 अगस्त को भिलाई-दुर्ग में आयोजित की गई। जिसमें रायपुर जिला की टीम ने पुरुषो के यूथ,जूनियर,सीनियर वर्ग में विजेता का खिताब हासिल किया वहीं महिलाओं की टीम ने यूथ,जूनियर,सीनियर वर्ग में उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। साथ ही साथ देवव्रत शर्मा को यूथ में,विकास लहरे को जूनियर में एवं विजय महेश्वरी को सीनियर वर्ग में बेस्ट लिफ्टर ऑफ छत्तीसगढ़ की ट्राफी जीतने में कामयाब रहे। परिणाम में 45 किग्रा-यूथ/जूनियर/सीनियर विधि साहू प्रथम,प्रांजलि साहू द्वितीय. 49 किग्रा-अनामिका साहू यूथ में द्वितीय और सीनियर में तृतीय, 59 किग्रा- जूनियर/सीनियर प्रीतू साहू जूनियर में द्वितीय और सीनियर में तृतीय, 64किग्रा-यूथ/जूनियर/सीनियर लुकेश्वरी साहू यूथ में प्रथम, जूनियर में द्वितीय और सीनियर में तृतीय. 64किग्रा-यूथ/जूनियर/सीनियर मेघा पाल सभी में प्रथम, +81किग्रा यूथ में श्रेया साहू तृतीय 49 किग्रा यूथ चिरंजीव भारती-तृतीय,55 किग्रा यूथ तुषार साहू- द्वितीय, 55 किग्रा यूथ अंकित भारती- तृतीय, जूनियर/55 किग्रा हंसराज मार्कंडेय द्वितीय, सीनियर 55 किग्रा विजय महेश्वरी प्रथम,55 किग्रा राजा भारती द्वितीय,61 किग्रा यूथ हनी वर्मा तृतीय, जूनियर 61 किग्रा विकास लहरे प्रथम, 61 किग्रा सीनियर कोमल महेश्वरी प्रथम,जूनियर 67 किग्रा मोहित नामदेव द्वितीय, सीनियर 67 किग्रा राहुल जांगड़े द्वितीय, सीनियर 67 किग्रा टोमन भारती तृतीय,81 किग्रा यूथ/जूनियर/सीनियर देवव्रत शर्मा प्रथम ,96किग्रा यूथ/जूनियर आदित्य साहू द्वितीय, जूनियर 102किग्रा झामेंद्र पाल प्रथम, सीनियर102किग्रा झामेंद्र पाल द्वितीय रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला वेटलिफ्टिंग संघ के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

## डॉक्टर-प्रोफेसर शामिल हुए मेडिकल कॉलेज की खेल प्रतियोगिताओं में



**रायपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी चिकित्सा छात्रों, प्राध्यापकों एवं अधिकारी, कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। छात्र-छात्राओं के लिए बालक व बालिका वर्ग में बैडमिंटन प्रतियोगिता एवं प्राध्यापकों, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सिंगल व डबल के मैच खेले गये। बैडमिंटन (बालक) सिंगल में आदित्य जैन ने कड़े मुकाबले में प्रदीप सलाम को परास्त कर विजेता के मेडल पर कब्जा जमाया। बालिका सिंगल में अंजलि मिश्रा रनर व अंजू पैंकरा विनर बनीं। इसी प्रकार बालिका डबल में हर्षिता तलंडी, मनीषा केसरी विजेता व अंजलि मिश्रा, लेनिशा उपविजेता रहे। प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कैरम प्रतियोगिता के सिंगल में विजेता ज्ञानेश यादव व उपविजेता हेमंत वर्मा रहे। कैरम डबल में ज्ञानेश यादव व हेमंत वर्मा की जोड़ी ने धर्मेंद्र नायक व विकास मिश्रा को हराकर गोल्ड मेडल जीता। फाइनल मैच की अतिथि डॉ. स्निग्धा जैन (एसोसिएट प्रोफेसर एंड हेड फोरेंसिक मेडिसिन विभाग) तथा डॉ. नागेंद्र सोनवानी (असिस्टेंट प्रोफेसर फोरेंसिक मेडिसिन विभाग) थे।पुरस्कार वितरण दोनों अतिथियों के करकमलों से संपन्न हुआ। संपूर्ण प्रतियोगिता क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुधीर राजपाल के निर्देशन में समस्त छात्र-छात्राओं के सहयोग से संपन्न हुई।

## सेंट्रल ज़ोन दिव्यांग क्रिकेट 24 सितंबर से भिलाई में




**रायपुर।** सेंट्रल जोन फिजिकल डिसएबिलिटी क्रिकेट डेवलपमेंट काउंसिल की बैठक भिलाई में हुई। जिसमें मौजूद सभी राज्यों से आए हुए पदाधिकारियों ने दिव्यांग क्रिकेट के विकास एवं दिव्यांग खिलाडियों की समस्याओं पर गहन चर्चा की। इस दौरान कई समितियों का गठन किया गया। जिनमे प्रमुख रूप से सोशल मीडिया कमेटी, डेवेलपमेंट कमेटी, इवेंट मैनेजमेंट कमेटी, जिला पंजीयन कमेटी शामिल है। इसी तरह आगामी सेंट्रल ज़ोन दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2024 के आयोजन को लेकर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया । यह प्रतियोगिता दिनांक 24 सितंबर से 29 सितंबर के मध्य भिलाई में आयोजित की जायेगी जिसमे मध्य प्रदेश ,उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड,राजस्थान, विदर्भ, मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमें भाग लेगी।

### तेजी से होने वाले सिरदर्द को लेकर गंभीरता बरतना जरूरी

# माइग्रेन रहता है तो हो जाएं सावधान, इससे हार्ट अटैक और जानलेवा रोग का भी बढ़ सकता है खतरा

माइग्रेन बहुत सामान्य सी न्यूरोलॉजिकल समस्या है जिसमें सिर के एक हिस्से में तेज दर्द होने लगता है। इस दर्द के अनुभव के साथ धड़कनों में तेजी, मतली, उल्टी और ध्वनि-प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता का भी अनुभव हो सकता है। माइग्रेन का सिरदर्द, सामान्य सिरदर्द की तुलना में अधिक तीव्रता वाला होता है, इसपर गंभीरता से ध्यान देने की भी आवश्यकता होती है क्योंकि कुछ स्थितियों में ये साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर के कारण होने वाली समस्या भी हो सकती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर आपको लंबे समय से माइग्रेन की समस्या बनी हुई है, तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। माइग्रेन पर ध्यान न देना हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। यही कारण है कि समय रहते इस समस्या का निदान और उपचार किया जाना चाहिए। आइए माइग्रेन के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानते हैं।



### माइग्रेन और इसके जोखिम

शोधकर्ताओं ने बताया कि माइग्रेन वाले किसी व्यक्ति के जीवनकाल में इस्केमिक स्ट्रोक होने का जोखिम लगभग दोगुना हो जाता है। इसके अलावा क्रोनिक माइग्रेन कुछ लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव भी डाल सकती है। इसके अलावा जिन लोगों को अक्सर माइग्रेन की दिक्कत होती रहती है उनमें मानसिक स्वास्थ्य या नींद की समस्या का खतरा भी काफी बढ़ जाता है।

### माइग्रेन को ट्रिगर होने से बचें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माइग्रेन का सिरदर्द कुछ स्थितियों में गंभीर और दीर्घकालिक तौर पर मस्तिष्क क्षति के खतरे बढ़ाने वाला हो सकता है। कुछ स्थितियों में इसके कारण कार्डियोवस्कुलर समस्याओं का भी जोखिम रहता है। आप माइग्रेन को प्रबंधित करने के लिए कुछ उपायों को अपनाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि आपको सिरदर्द होता है तो इसको ट्रिगर करने वाली समस्याओं के बारे में जानें और उससे बचाव के लिए उपाय करते रहें। स्वस्थ आहार का सेवन करें और किसी समय भोजन न छोड़ें।

### माइग्रेन के कारण होने वाली दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुनियाभर में, स्ट्रोक मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण है। भारत में सालाना 1.85 लाख से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार होते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में स्ट्रोक होने का खतरा अधिक हो सकता है। माइग्रेन और इस्केमिक स्ट्रोक के बीच संबंधों को लेकर कई अध्ययनों में भी स्पष्ट किया गया है, क्योंकि ये दोनों रक्त वाहिकाओं की आपूर्ति से संबंधित समस्याएं हैं। अध्ययन से पता चलता है कि माइग्रेन से मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन, स्ट्रोक और हृदय मृत्यु का खतरा भी बढ़ सकता है।



### हृदय रोग और स्ट्रोक का बढ़ सकता है जोखिम

एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि जो लोग माइग्रेन से पीड़ित हैं, उनमें हृदय संबंधी समस्याओं जैसे दिल का दौरा या हृदय गति से संबंधित विकारों जैसे एट्रियल फाइब्रिलेशन का खतरा दो गुना अधिक हो सकता है। जर्नल ऑफ न्यूरॉलजी में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं की टीम ने बताया कि माइग्रेन का अगर समय रहते उपचार न किया जाए तो इसके कारण इस्केमिक स्ट्रोक हो सकता है जो जानलेवा दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऐसे लोग जो पहले से माइग्रेन की समस्या से परेशान हैं उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों से जरूर मिलना चाहिए।



## संवेदनशील पार्टनर से रिश्ता निभाते समय रखें इन बातों का ध्यान

अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति को डेट करना अविश्वसनीय अनुभव हो सकता है, ऐसे व्यक्ति गहराई से प्यार करते हैं। बहुत अधिक मिलनसार होते हैं और आपके जीवन में शामिल अधिकांश लोगों से बेहतर वह आपको समझते हैं।

वह बिना पूछे आपकी देखभाल करते हैं और कभी-कभी आपकी जरूरतों का ध्यान जरूरत से ज्यादा रखते हैं। हालांकि वह भी चाहते हैं कि उनका साथी उन्हें समझे और देखभाल करें। शोध के अनुसार, दुनिया की 20 फीसदी में आबादी अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति शामिल हैं। वह अपने आसपास के लोगों के प्रति उच्च स्तर का सहानुभूति महसूस करते हैं, दूसरों के बारे में सोचते हैं और अक्सर अति उत्तेजित हो जाते हैं।

अगर आप किसी अत्यधिक संवेदनशील व्यक्ति के साथ रिश्ते में हैं या डेट कर रहे हैं, तो यह किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहने का मौका है जो आपको गहराई से समझेगा और आपकी भावनाओं की परवाह करेगा। हालांकि, एक संवेदनशील व्यक्ति के साथ होने के लिए आपको प्रभावी संचार के माध्यम से अपने साथी की आंतरिक जरूरतों को समझने की जरूरत होती है, साथ ही अपने जीवन में पर्याप्त स्थान देने की भी आवश्यकता होती है।

### अच्छे श्रोता



संवेदनशील लोग बिना कहे किए गए इशारों को समझने में बेहतर होते हैं। इस कारण उन्हें पता होता है कि आपको क्या चाहिए। जरूरी है कि आपके बीच प्रभावी संवाद हो और अच्छे श्रोता की तरह उन्हें सुनें ताकि आपको भी उनकी पसंद या जरूरतों के बारे में पता हो सके। उन्हें समझ कर ही आप दोनों के बीच का बॉन्ड मजबूत बन सकता है।

### कुछ स्पेस दें

अत्यधिक सेंसिटिव व्यक्ति को अपनी भावनाओं और स्थिति को समझने में समय लगता है। उनकी पहली प्रवृत्ति सूचनाओं और अपने आस-पास के लोगों से अभिभूत हो जाना है। जब जब चीजें गलत हो जाती हैं तो आपको लगता है कि उनके साथ रहना सही निर्णय है, लेकिन कभी-कभी उन्हें सोचने और अपनी भावनाओं को शांत करने के लिए कुछ स्पेस की आवश्यकता होती है।

### उनकी भावनाओं को अपनाएं

ऐसे लोग दूसरों की तुलना में अधिक गहराई के साथ भावनाओं को महसूस करते हैं। इसका अर्थ ये बिल्कुल नहीं है कि वह अव्यवहारिक हैं और ओवररिएक्ट करते हैं। उनकी भावनाओं को अस्वीकार करना और उनसे कहना कि वह ज्यादा सोच रहे हैं, उन्हें और भी अधिक हताश कर सकता है। भले ही आप उन्हें समाधान न बता सकें लेकिन उन्हें बताएं कि आप उनकी भावनाओं को समझते हैं।

### उन्हें सरप्राइज दें

सेंसिटिव लोग नकारात्मक और सकारात्मक भावनाओं को तेजी से महसूस करते हैं। उन्हें सरप्राइज आउटिंग पर ले जाना और उनकी रुचि के मुताबिक कोई तोहफा देना , उन्हें अधिक जीवंत और सकारात्मक महसूस कराता है। उनके लिए एक कप चाय बनाना या उनके घरेलू कामों में हाथ बंटाना जैसे साधारण काम भी काफी मददगार साबित होंगे।



## हथेली की एक रेखा पूरा करती है आपका विदेश यात्रा का सपना

प्रत्येक व्यक्ति की हथेली पर कई तरह की रेखाएं और निशान बने होते हैं। एक रेखा विदेश यात्रा की भी है। हस्तरेखा शास्त्र की माने तो हथेली पर यात्रा रेखा कई जगहों पर बनती है। यात्रा रेखाओं के जरिए से हम ये जान सकते हैं कि व्यक्ति अपने जीवन में कभी विदेश यात्रा कर पाएगा या नहीं।

यदि किसी की हथेली पर कोई लकीर जीवन रेखा से निकलकर भाग्य रेखा को पार करते हुए चंद्र पर्वत की ओर जाए तो विदेश यात्रा का योग बनता है। मान्यता है कि ये लकीर जितनी गहरी और साफ सुथरी होगी विदेश यात्रा उतनी ही सफल होगी।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की हथेली पर बुध पर्वत के पास से कोई रेखा निकलकर सूर्य पर्वत पर जा मिलती हो तो ऐसा व्यक्ति कई बार विदेश यात्रा करता है।

वहीं यदि किसी व्यक्ति की हथेली में चंद्र पर्वत से निकलकर कोई रेखा शनि पर्वत से मिलती है तो ऐसे व्यक्ति का भाग्य विदेश में जाकर चमकता है।

हथेली पर मौजूद कुछ निशान बहुत ही शुभ होते हैं, जिनमें त्रिभुज जैसा निशान बहुत खास होता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार यदि चंद्र पर्वत पर त्रिभुज का निशान बने तो समझिए आपको कई बार विदेश यात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

वहीं हथेली की रेखाओं और निशान के अलावा तिलों से भी विदेश यात्रा के बारे में संकेत मिलते हैं। यदि किसी व्यक्ति की दाहिनी भौंह के पास कोई तिल का निशान बने तो व्यक्ति का व्यापार दूसरे देशों में भी होता है। ऐसे व्यक्ति को कई बार अलग-अलग देशों में यात्रा करने का मौका मिलता है। इसके अलावा किसी व्यक्ति के नाक, पैर के तलवे या अंगूठे पर तिल होता है तो वह व्यक्ति विदेश यात्रा जरूर करता है।



## घर में जरूर रखें फेंगशुई मेंढक आपके घर में आएगी सुख-समृद्धि



फेंग शुई में मनी फ्रॉग के रूप में संदर्भित तीन-पैर वाले मेंढक को धन और सफलता को आकर्षित करने के लिए फेंग शुई समायोजन के रूप में नियोजित एक सामान्य चीनी प्रतीक माना जाता है। अधिक वित्तीय संपन्नता को आकर्षित करने के लिए तीन-पैर वाले मेंढक को अक्सर अधिक पारंपरिक फेंग शुई उपाय के रूप में नियोजित किया जाता है। घर में फेंगशुई मेंढक रखना बहुत शुभ माना जाता है। फेंगशुई के तीन टांगों वाले मेंढक सकारात्मक शक्ति के प्रतीक होते हैं। आइए जानते हैं घर में किस तरह का फेंगशुई मेंढक रखना चाहिए और इसके क्या नियम हैं।

### फेंगशुई मेढक से जुड़े उपाय

फेंगशुई मेढक को हमेशा घर के अंदर रखना चाहिए। इसे घर के मुख्य दरवाजे के आसपास रखना चाहिए। मनी फ्रॉग को मुख्य प्रवेश द्वार पर रखते समय इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उसका मुख किस दिशा में है। फेंगशुई में तीन टांगों वाला मेंढक बहुत भाग्यशाली माना जाता है। इसे रखने से घर में धन की कभी कमी नहीं होती है। मूर्ति को घर के धनक्षेत्र में रखने के लिए फेंग शुई बगुआ मानचित्र का उपयोग करें। घर के सामने के प्रवेश द्वार पर खड़े होकर अंदर की ओर मुंह करके आपको धन क्षेत्र का पता लगाने में मदद मिल सकती है। फेंगशुई के अनुसार तीन टांगों वाला मेंढक घर में रखने से किस्मत चमकती है और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। घर में तीन टांगों वाला मेंढक रखने से घर के सदस्यों का भाग्य खुलता है। यह सभी तरह के कष्टों से भी मुक्ति दिलाता है। आपका वर्कस्टेशन आपकी स्थिति और करियर का प्रतिनिधित्व करता है। अपनी समृद्धि, वित्तीय सुरक्षा और पेशेवर स्थिति में सुधार के लिए आप मेंढक की मूर्ति को वहां रख सकते हैं। अगर आप किसी तरह के बिजनेस में हैं तो अपने कार्यस्थल पर तीन टांगों वाला मेंढक जरूर रखें। इससे आपको व्यापार में सफलता मिलेगी। फेंगशुई मेंढक को भूलकर भी किचन या शौचालय के अंदर ना रखें। ऐसा करने से घर में दुर्भाग्य बढ़ता है।

कार्नर न्यूज

### अनिका-जाह्नवी और हितार्थ-रूहान ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की

# राष्ट्रीय टेनिस में पोहाने, लव, जाह्नवी और ईशा ने एकल मुकाबले में जीता फाइनल

**रायपुर।** एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज सीएस-7 अंडर-12 और अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट 2024 के पांचवें दिन शुक्रवार को दर्शक रोमांचक फाइनल मैच से रूबरू हुए। भिलाई टेनिस कॉम्प्लेक्स में मुख्य ड्रॉ और क्वालीफाईंग राउंड के तहत विभिन्न राज्यों के कुल 119 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

बालक और बालिका दोनों श्रेणियों के लिए एकल और युगल स्पर्धाओं के फाईनल में कड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ दर्शकों का मन मोह लिया, क्योंकि युवा टेनिस प्रतिभाओं ने संबंधित विजेता और उपविजेता अंकों के लिए संघर्ष किया। लड़कों के एकल फाइनल अंडर-14 श्रेणी में, महाराष्ट्र के हेरम्बा पोहाने ने महाराष्ट्र के लव परदेशी को 6-2, 1-6, 6-2 से हरा कर विजेता का खिताब प्राप्त किया। बालक एकल फाइनल के अंडर-12 वर्ग में महाराष्ट्र के लव परदेशी ने असम के ईशानदीप बोरो को 6-3, 6-2 के स्कोर से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। बालक युगल फाइनल के अंडर-14 वर्ग में, महाराष्ट्र के लव परदेशी और हेरम्बा पोहाने ने ओडिशा के ईशानदीप बोरो और सूर्या नाइक को 6-3, 6-2 के स्कोर से हराकर युगल चैंपियन बने।

बालक युगल फाइनल में अंडर-12 वर्ग में मध्य प्रदेश के हितार्थ सुराना और रूहान तलरेजा ने महाराष्ट्र के अरिंजय बंग और वेद परदेशी को 6-0, 2-6, 10-6 के स्कोर से हराकर इस वर्ग के चैंपियन बने। बालिका एकल फाइनल में अंडर-12 वर्ग में महाराष्ट्र की जाह्नवी सावंत ने महाराष्ट्र की ही हर्षा देशपांडे को 6-2, 6-3 के स्कोर से हराकर खिताब जीता। बालिका एकल फाइनल के अंडर-14 वर्ग में छत्तीसगढ़ की ईशा शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र की अनिका नायर को 6-0, 6-0 के स्कोर से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। बालिका युगल के अंडर-14 फाइनल में महाराष्ट्र की अनिका नायर और जान्हवी सावंत ने असम की क्रिस्टी हालोई और ओडिशा की साई रूपी मोहंती को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराकर जीत हासिल की।

समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई स्टील प्लांट चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ और भिलाई टेनिस क्लब के अध्यक्ष डॉ. सौरव मुखर्जी, छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा, बशीर अहमद खान और जिला दुर्ग भिलाई टेनिस संघ के सचिव और टूर्नामेंट के टूर्नामेंट निदेशक राजेश पाटिल थे।





### सम्मानित होंगे पाटिल और सिसोदिया


टेनिस संघ के महासचिव गुरशरण सिंह होरा ने 2021-22 में शहीद विनोद चौबे पुरस्कार प्राप्त राजेश पाटिल एवं 2022-23 में शहीद विनोद चौबे पुरस्कार प्राप्त विक्रम सिंह सिसोदिया को टेनिस संघ द्वारा सम्मानित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट का आयोजन एआईटीए पर्यवेक्षक प्रबीन कुमार नायक के मार्गदर्शन में किया गया और टूर्नामेंट रेफरी जिला दुर्ग भिलाई टेनिस संघ की रचना शर्मा थीं। इस प्रतियोगिता के रेफरी अखिल, सुमन, अभिषेक और राजू वर्मा थे। इस कार्यक्रम के लिए फिजियो सेवाएं डॉ. अविनाश कुशवाह और उनकी टीम की सदस्य डॉ. हीना नाज द्वारा प्रदान की गई। मीडिया पर्यवेक्षण और संचालन एस डी बर्मन द्वारा संभाला गया। प्रस्तुति समारोह का संचालन जिला दुर्ग भिलाई टेनिस संघ की कार्यकारिणी सदस्य रचना शर्मा द्वारा किया गया।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जुरासिक वर्ल्ड' फिल्म की पहली झलक आई सामने, मेकर्स ने टाइटल का भी किया खुलासा



यूनिवर्सल पिक्चर्स और एम्बलिन एंटरटेनमेंट की नई जुरासिक वर्ल्ड फिल्म के मेकर्स ने गुरुवार सुबह इसके टाइटल का खुलासा कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की पहली झलक भी सामने आ गई है। इस फिल्म का नाम 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' है। अगले साल 2 जुलाई को ये सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जोनाथन बेली और महरशला अली स्टारर जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ में एक टीम जमीन, समुद्र और हवा में तीन सबसे विशाल जीवों से डीएनए नमूनों को सुरक्षित करने के लिए दौड़ती हुई दिखाई देती है। जुरासिक वर्ल्ड डोमिनियन की घटनाओं के पांच वर्ष बाद प्लानेट की पारिस्थिति डायनासोर के लिए काफी हद तक अमानवीय साबित होती है। इस दौरान जो बचे हैं, वो अलग-अलग वातावरण में रहते हैं। जीवमंडल के भीतर तीन सबसे विशाल जीव एक ऐसी दवा की कुंजी रखते हैं, जो मानव जाति को चमत्कारिक जीवन रक्षक लाभ पहुंचाएगी। जोहानसन ने इसमें जोरा बेनेट की भूमिका निभाई है, जो एक ऑपरेशन स्पेशलिस्ट है। जोरा को दुनिया के तीन सबसे बड़े डायनासोर से जेनेटिक मटेरियल सुरक्षित करने के लिए एक सीक्रेट मिशन पर एक टीम का नेतृत्व करने के लिए रखा गया है। उनका ये ऑपरेशन एक नागरिक परिवार से जुड़ता है, जिनका नौका अभियान जल में रहने वाले डायनासोरों द्वारा पलटे जाने पर वह फंस जाते हैं। जोनाथन बेली इनमें विज्ञानी डॉ. हेनरी लूमिस की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, महरशला अली इसमें जोरा के सबसे भरोसेमंद टीम लीडर डंकन किनकैड की भूमिका में हैं। रूपर्ट फ्रेंड ने बिग फार्मा के प्रतिनिधि मार्टिन क्रेब्स का किरदार और मैनुअल गार्सिया-रुल्फो ने इसमें रूबेन डेलगाडो की भूमिका निभाई। वह जहाज के मलबे में फंसे नागरिक परिवार के पिता होते हैं।

### टॉलीवुड

## पद्मिनी के बयान से मचा बवाल कहा-निर्देशक कहते हैं ऐसा करने



मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों संकट के पहाड़ टूट पड़े हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों ने पूरी इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया है। तमिल अभिनेत्रियों ने उत्पीड़न की अपनी भयावह दास्तां बयां की है। कई अभिनेत्रियों के बाद अब अभिनेत्री और टेलीविजन धारावाहिक निर्माता कुट्टी पद्मिनी ने तमिल टीवी जगत में बड़े पैमाने पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। हाल ही में उन्होंने दावा किया है कि निर्देशक यौन संबंधों के लिए कहते हैं। कुट्टी पद्मिनी ने एक बातचीत में कहा, 'यह भी किसी अन्य पेशे डॉक्टर, वकील, आईटी व्यक्ति की तरह ही है। इसे देह व्यापार क्यों कहा जाना चाहिए? यह बहुत गलत है।' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'निर्देशक और तकनीशियन टीवी धारावाहिकों में महिला कलाकारों से यौन संबंध बनाने की मांग करते हैं। कई महिलाएं शिकायत नहीं करतीं, क्योंकि यौन उत्पीड़न साबित नहीं हो पाता है। कुछ महिलाएं इसे बर्दाश्त कर लेती हैं, क्योंकि वे अच्छा कमाती हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'कई महिलाओं ने इस वजह से आत्महत्या कर ली है।' कुट्टी ने गायिका चिमई और अभिनेत्री श्री रेड्डी पर बैन लगाने पर भी सवाल उठाया, जिन्होंने पहले इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। कुट्टी पद्मिनी ने आगे दावा किया कि एक बाल कलाकार के रूप में भी उनका यौन उत्पीड़न किया गया था। उन्होंने कहा, 'जब मेरी मां ने इस मुद्दे को उठाया तो मुझे एक हिंदी फिल्म से निकाल दिया गया।' पिछले कुछ दिनों में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की कई अभिनेत्रियों ने यौन उत्पीड़न के अपने भयावह मामलों को साझा किया है।

### छॉलीवुड

## 'लॉकडाउन के मया' में सुनाई देंगे नवलदास मानिकपुरी के गीत



छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार नवलदास मानिकपुरी लोक कला और छत्तीसगढ़ी सिनेमा की विभिन्न विधाओं में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। जल्द ही छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लॉकडाउन के मया' में नवल दास मानिकपुरी के लिखे गीत सुनाई देंगे। इस फिल्म में उन्होंने दो गीतों को संगीतबद्ध भी किया है। हाल ही में इस फिल्म के गीतों की रिकार्डिंग राजधानी रायपुर में की गई। इन गीतों को छतीसगढी फिल्मों के सुप्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने स्वर दिया। फिल्म के अन्य गीतों को भागवत निषाद ने संगीत दिया है। उल्लेखनीय है कि उम्र के छठवें पायदान पर पहुंच चुके नवल दास मानिकपुरी ने छह साल की उम्र से ही मंचीय प्रस्तुति देना शुरू कर दिया था। नाचा, गम्मत, रामधुनी, खड़े साज, कृष्ण लीला, रहस और कला मंच पर आधारित समस्त लोकविधाओं में मानिकपुरी अपना कला कौशल दिखाते रहे हैं। शुरूआती दिनों में रंगमंच के लिए समर्पित रहे नवलदास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की बेला में शुरू हुए छत्तीसगढ़ी सिनेमा के नए दौर में भी अभिनेता, गीतकार, संगीतकार और गायक के तौर पर अपना महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे है। छत्तीसगढ़ी फिल्मों में उनके लिखे गीत इन दिनों धूम मचा रहे हैं। लोककलाकार नवलदास मानिकपुरी की पत्नी अनुसुईया मानिकपुरी भी स्थापित लोकगायिका है, वहीं उनके सुपुत्र मनीष मानिकपुरी छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रख्यात निर्देशक हैं।

## पर्स के साथ नर्स

लाइफ स्टाइल



सेवा की मिसाल नर्स अगर रैम्प पर चले तो हैरानी होना स्वाभाविक है। पेरिस में पिछले दिनों डिजाइनर मार्क जैकब्स के कलेक्शन के साथ नर्स बाकायदा रैम्प पर उतरी। सभी नर्स ने खास तौर पर डिजाइन किया हुआ पर्स पकड़ा था। इस शो के डायरेक्टर लूइस वुइटन ने सभी नर्सों को पारदर्शी प्लास्टिक कोट में रैम्प पर उतारा था। इस शो की दर्शकों ने खूब तारीफ की।

## बारिश के दिनों में बचें बॉडी बटर के इस्तेमाल से

बॉडी बटर का इस्तेमाल हर मौसम में नहीं किया जाना चाहिए। खासतौर से, बारिश के दौरान बॉडी बटर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इस मौसम में अगर नियमित रूप से बॉडी बटर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मानसून के दौरान बॉडी बटर का इस्तेमाल करने के कुछ नुकसान के बारे में बता रहे हैं-

### स्किन रहती है चिपचिपी

मानसून का मौसम नमी बहुत अधिक बढ़ जाती है। वहीं, दूसरी ओर बॉडी बटर की कंसिस्टेंसी थिक होती है। जिसके कारण जब बॉडी बटर को स्किन पर अप्लाई किया जाता है तो यह स्किन में जल्दी से अब्जॉर्ब नहीं हो पाता है। जिससे आपकी स्किन अधिक ऑयली, चिपचिपी या फिर ग्रीसी महसूस हो सकती है।

### क्लॉग पोर्स की समस्या

बॉडी बटर स्किन पर काफी हैवी हो सकता है।



यदि आप इसे अधिक मात्रा में लगाती हैं या फिर आप मानसून में अपनी एक्ने प्रोन स्किन पर अप्लाई करती हैं तो इससे आपके पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन इरिटेशन या ब्रेकआउट की शिकायत भी हो सकती है।

### फंगल इंफेक्शन का बढ़ता खतरा

मानसून के दौरान ह्यूमिडिटी के कारण फंगल इंफेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। हालांकि, अगर आप इस मौसम में बॉडी बटर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे यह समस्या और भी अधिक बढ़ सकती है। अगर आप शरीर की हाइजीन का पूरा ख्याल नहीं रखते हैं और पसीना जमा होने वाले एरिया पर बॉडी बटर लगाते हैं तो इससे आपको फंगल इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है।

### हो सकता है एलर्जिक रिएक्शन

कई बार बॉडी बटर में फ्रेगरेंस आदि का इस्तेमाल किया जाता है और इसलिए अगर बॉडी बटर को सेंसेटिव स्किन पर लगाया जाता है तो इससे एलर्जिक रिएक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। मानसून के दौरान नमी के कारण एलर्जिक रिएक्शन की संभावना काफी बढ़ जाती है। जब आप मानसून में स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए बॉडी बटर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपको बैड स्मेल की समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है।

## ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को साड़ी के साथ इन तरीकों से करें कैरी



फैशन

साड़ी एक ऐसा एथनिक वियर है, जिसे किसी भी ओकेजन पर आसानी से कैरी किया जा सकता है। आमतौर पर, हम सभी ऑफिस से लेकर पार्टी तक साड़ी को स्टाइल करते हैं। यूं तो साड़ी देखने में बेहद ही ग्रेसफुल लगती है, लेकिन अगर इसके साथ ज्वैलरी को सोच-समझकर स्टाइल किया जाए तो इससे आपका लुक और भी अधिक निखर जाती है।



साड़ी के स्टाइल के अनुसार आप पर्ल से लेकर कुंदन, डायमंड व गोल्ड ज्वैलरी आदि कई तरह की एक्सेसरीज कैरी कर सकती हैं। लेकिन ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी की बात ही कुछ और है। इसे आप कई तरह से स्टाइल कर सकती हैं।

### पहनें स्टेटमेंट नेकपीस

अगर आप किसी पार्टी के लिए रेडी हो रही हैं और साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में स्टेटमेंट नेकपीस पहननाअच्छा विचार हो सकता है। कोशिश करें कि आप साड़ी के साथ डिज़ाइनर ब्लाउज और स्टेटमेंट ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को स्टाइल करें। यह आपके स्टाइल को इंडो-वेस्टर्न लुक देता है। ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी के साथ आप अपनी आइज को बोल्ड लुक दें।

### स्टाइल करें नेकपीस और इयररिंग्स

अगर आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी पहनते समय एक बैलेंस लुक चाहती हैं तो ऐसे में ऑक्सीडाइज्ड नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स को भी स्टाइल किया जा सकता है। यह एक ग्रेसफुल लुक है और डे टाइम या इवनिंग टाइम में अगर आप कहीं बारह जा रही हैं तो ऐसे में आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड नेकपीसके साथ इयररिंग्स को कैरी करें। जब आप इन दोनों को एक साथ पहन रही हैं तो इनमें से एक लाइट व दूसरा हैवी हो।

### पहनें झूमके

झूमके या चांदबाली ऐसी इयररिंग्स हैं, जो साड़ी के साथ बेहद अच्छी लगती हैं। अगर आप भी साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को मिनिमम तरीके से कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में झूमके को स्टाइल किया जा सकता है। वहीं, अगर आप किसी खास अवसर के लिए तैयार हो रही हैं तो ऐसे में आप साड़ी के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वैलरी को पेयर किया जा सकता है।

## बेल स्लीव्स में स्टनिंग दिखने फॉलो करें ये जरूरी टिप्स

बेल स्लीव्स डिजाइन नार्मल स्लीव्स से काफी अलग होता है, इसलिए जब आप इसे डिजाइन करवाती हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रखना होता है। इन टिप्स को फॉलो करके आपका ओवर ऑल लुक काफी अच्छा लगता है।।

### लेंथ पर दें ध्यान

जब आप बेल स्लीव्स पहन रही हैं तो आपको उसकी लेंथ पर भी ध्यान देना चाहिए। आप अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए लेंथ को सलेक्ट करें। मसलन, अगर आपकी हाइट कम है तो अपने लुक को बैलेंस करने के लिए आप शॉर्ट स्लीव्स को चुनें। वहीं, अगर आप स्लिम हैं और आपकी हाइट लंबी हैं तो आप थ्री फोर्थ लेंथ की बेल स्लीव्स भी डिजाइन करवा सकती हैं।

### ओकेजन का रखें ध्यान

बेल स्लीव्स को यूं तो किसी भी ओकेजन पर पहना जा सकता है, लेकिन जब आप उसे स्टाइल कर रही हैं तो आपको ओकेजन का खास तौर पर ध्यान रखना चाहिए। मसलन, कैजुअल



आउटिंग के लिए, जींस या शॉर्ट्स के साथ फ्लोई बेल स्लीव्स टॉप एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है, वहीं किसी फॉर्मल ओकेजन के लिए आप बेल स्लीव्स के साथ स्ट्रक्चर्ड टॉप पहन सकती हैं। भले ही आपने बेल स्लीव्स को स्टाइल करने का मन बनाया है, लेकिन फिर भी आप इसमें कई स्टाइल को कैरी कर सकती हैं। मसलन, फ्लोइंग से लेकर बोहेमियन या फिर नेट बेल स्लीव्स लुक आप स्टाइल कर सकती हैं।

## लैटे मेकअप में परफेक्ट लुक पाने के लिए अपनी स्किन पर दें पूरा ध्यान

मेकअप ट्रेन्ड समय के साथ हमेशा ही बदलते रहते हैं। पिछले कुछ समय से लैटे मेकअप काफी चलन में है। यह मेकअप आपको एक नेचुरल, सॉफ्ट और वार्म अपीयरेंस देता है। यह मेकअप कॉफी से इंस्पायर्ड है और इसमें ब्राउन के डिफरेंट शेड्स को शामिल किया जाता है। इन दिनों हर कोई लैटे मेकअप करना पसंद कर रहा है, लेकिन फिर भी हर कोई परफेक्ट लुक क्रिएट नहीं कर पाता है।

### स्किन क्लीनिंग है जरूरी

लैटे मेकअप में नेचुरल फिनिश लुक क्रिएट किया जाता है और यह केवल तभी संभव है, जब आप मेकअप से पहले अपनी स्किन को तैयार करें। लैटे मेकअप की शुरुआत करने से पहले आप एक बार अपनी स्किन को अच्छी तरह क्लीन करें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें।

### लाइट हो फाउंडेशन

चूंकि लैटे मेकअप में नेचुरल और सन किस्ड लुक क्रिएट करने की कोशिश की जाती है, इसलिए हमेशा



ध्यान रखें कि आप लाइट फाउंडेशन ही करें। आप बेस के लिए बीबी क्रीम या फिर स्किन टिंट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो फेस पर मॉइश्चराइजर लगाकर उसे लूज पाउडर से डैब कर सकती हैं।

### लाइनर व कंटूरिंग को करें अवॉयड

लैटे मेकअप करने में आपको बहुत अधिक समय नहीं लगता है। जब आप लैटे मेकअप कर रही हैं तो ऐसे में आप लाइनर को अवॉयड कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### आउटफिट स्टाइल करने आज जोरों पर चलन है पोटली बैग का

## लुक को खूबसूरत बनाने के लिए इन एथनिक वियर के साथ पोटली बैग को करें स्टाइल

*जब भी हम कुछ आउटफिट स्टाइल करते हैं तो इसके साथ हम कई तरह की एक्सेसरीज को स्टाइल करते हैं ताकि अपने लुक को परफेक्ट बना सके। इनमें से एक हैं बैग्स जिन्हें लड़कियां आउटफिट के साथ स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन इसमें भी आपको कई सारे डिजाइन मिल जाते हैं जो दिखने के साथ-साथ स्टाइल करने में भी अच्छे लगते हैं। अगर आपको भी बैग की अलग-अलग कलेक्शन रखना पसंद है तो इसके लिए आप यहां दिखाए गए पोटली डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।*



### पर्ल पोटली बैग डिजाइन

अगर आप किसी पार्टी में जा रही हैं और एथनिक आउटफिट वियर कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट है पर्ल डिजाइन वाला पोटली बैग। इस तरीके की पोटली बैग के डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड में हैं। इसमें आपको अंदर की तरह कपड़े की पोटली मिलेगी और बाहर पर्ल से इसे कवर किया हुआ होगा। इसी के साथ इसकी डोरी में भी पर्ल मिलेंगे। इस तरीके के पोटली बैग आप लहंगे, साड़ी और सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ये आपके लुक को क्लासी बनाते हैं साथ ही खूबसूरत लगते हैं। मार्केट से आप इन्हें 500 की रेंज में खरीद सकती हैं।



### हैंड वर्क पोटली बैग डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें हैंड वर्क वाली चीजें काफी पसंद होती है। ऐसे में आप इस तरीके के पोटली बैग (सिल्क पोटली डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको हाथों से किया हुआ काम मिलेगा। जिसमें थ्रेड वर्क का इस्तेमाल किया होगा। आप इस तरीके के बैग को एथनिक वियर के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसमें की गई एम्ब्राइडरी कभी काली नहीं पड़ती है। बस आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि जब भी इसे वॉश करें तो मशीन का इस्तेमाल न करें। वरना ये खराब हो जाएगा। इस तरीके के बैग के डिज़ाइन आपको मार्केट में 250 से 500 की रेंज में मिल जाएंगे।

### सीक्वेंस वर्क पोटली बैग डिजाइन

हम कई बार सिंपल आउटफिट को स्टाइल करते हैं और उसे हैवी लुक देने की कोशिश करते हैं। अगर आप भी ऐसा कुछ करती हैं तो इसके लिए आप इस तरीके के पोटली बैग (पोटली बैग स्टाइल करने का तरीका) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको सीक्वेंस वर्क, मिरर वर्क और गोटा पट्टी वर्क वाले बैग मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप किसी भी कलर को चूज कर सकती हैं, साथ ही इस पोटली को लुक कंप्लीट करने के लिए आउटफिट के साथ पेयर कर सकती हैं। इस तरीके के पोटली बैग आपको मार्केट में 200 से 500 की रेंज में मिल जाएंगे।